संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 05 मार्च 2024 | ₹ | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 63 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली का बजट पेश करने से पूर्व वित्त मंत्री आतिशी मीडिया से मुखातिब होते हुई।

## 'मोहब्बत की दुकान' से नफरत का सामान आ रहा बाहर: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बी**जेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जैसे जैसे देश लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे ही उनकी मोहब्बत की दुकान से नफरत का सामान बाहर आ रहा है।

**'पीएम मोदी का पूरा देश ही परिवार':** उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ लालू यादव ने बहुत ही निचले स्तर के शब्द प्रयोग किए हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार के विषय में बात कही है। पीएम नरेंद्र मोदी के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है, जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से वह सीमा पर जवानों के साथ दिवाली मनाते हैं, जब उन्होंने खुद को देश के लिए समर्पित करने के लिए अपना परिवार छोड़ा, उसी क्षण उन्होंने प्रतिज्ञा की, पूरा देश उनका परिवार है। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा, "लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पीएम मोदी हिंदू नहीं हैं। क्ठउक्र गठबंधन के लिए कोई हिंदू नहीं है। उनके लिए हिंदू पिछड़े, दलित, सवर्ण, उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मराठी, पंजाबी, बंगाली और यहां तक ??कि हिंदी भी हैं, लेकिन हिंदू नहीं हैं, क्योंकि वे भारत को टुकड़ों में देखना चाहते हैं। एक परिवार ने राजनीति में आने के लिए देश को विभाजित किया और आज वे उन लोगों के साथ खड़े हैं जो भारत को विभाजित करना चाहते हैं ताकि उन्हें देश के कम से कम एक हिस्से पर शासन करने का मौका मिल सके।"

**'सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले...':** बीजेपी नेता ने कहा, "मैं लालू यादव को बताना चाहता हूं कि सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें सौ-सौ छेद है।" उन्होंने कहा, "जो सनातन धर्म को मिटाने की कॉन्फ्रेंस करते हैं। उत्तर भारत में हिंदू धर्म को धोखा बताते हैं। जिनकी सरकार के शिक्षा मंत्री पोटैशियम साइनाइट बताते हैं। रामचरित मानस और हिंदू धर्म ग्रंथों के बारे में अनाप-शनाप टिप्पणी करते हैं। अब वो हिंदू होने के सर्टिफिकेट देने लगे हैं।"

सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, "मैं इनकी बात का उत्तर सैद्धांतिक भी देता हूं और राजनैतिक भी।" उन्होंने कहा कि लालू यादव को बताना चाहूंगा कि हिंदू धर्म में पुत्र का महत्व नहीं होता है। उन्होंने कहा कि द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा का स्थान नहीं ऊंचा है। अर्जुन का स्थान ऊंचा है। भगवान राम ने अपनी समस्त शक्तियां हनुमान को दीं। द्रोणाचार्य ने विद्या पुत्र अश्वत्थामा को नहीं, अर्जुन को दीं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की परंपरा है, गुरु-शिष्य परंपरा। पिता-पुत्र परंपरा नहीं है।

### आदर्श विचार



"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"

-भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

-स्वामी विवेकानंद




## 'परिवारवाद' पर 'सियासी उबाल'

### मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है: मोदी

**हमला बोला**

8 परिवारवाद के खिलाफ पीएम ने दिया नया नारा; लालू के बयान पर किया पलटवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**आदिलाबाद:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने आदिलाबाद की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह चुनावी सभा नहीं, बल्कि विकास- उत्सव है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के बिगड़े बोल पर भी पलटवार किया।

**'चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सव है':** जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं!"

**'मेरा भारत-मेरा परिवार': पीएम मोदी:** पीएम मोदी ने लालू प्रसाद यादव के बोल पर पलटवार करते हुए कहा निशाना साधा। उन्होंने कहा, "भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।"



### बढ़ेगी तेलंगाना की ऊर्जा उत्पादन क्षमता: पीएम

**पीएम** मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "तेलंगाना अपने गठन के 10 साल पूरे करने जा रहा है। केंद्र सरकार उन आकांक्षाओं को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रही है, जो उस समय लोगों की थीं। हमने एनटीपीसी की दूसरी इकाई का उद्घाटन किया है, जिसकी क्षमता 800 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन है। इससे तेलंगाना की ऊर्जा उत्पादन क्षमताएं बढ़ेंगी और अन्य संबंधित मुद्दों का समाधान मिलेगा।" उन्होंने कहा, "आज राष्ट्रीय राजमार्गों का भी उद्घाटन किया गया है। रेलवे और राजमार्गों के माध्यम से कनेक्टिविटी बढ़ने से तेलंगाना के विकास की गति और बढ़ेगी।

### तेलंगाना को हजारों करोड़ों की सौगात

**तेलंगाना** को हजारों करोड़ रुपये की सौगात देने के बाद पीएम मोदी ने कहा, "तेलंगाना की धरती आज कई विकास परियोजनाओं की गवाह बन रही है। आज मैं आप सबके बीच 30 से ज्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास करूंगा। 56 हजार करोड़ से भी ज्यादा की परियोजना तेलंगाना समेत देश के कई राज्यों का विकास करेंगे।" योजनाओं में ऊर्जा से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट है, पर्यावरण के लिए कई कार्य है और आधुनिक रोड नेटवर्क विकसितक करने वाले हाईवे भी हैं। इस परियोजनाओं के लिए मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।" विकास पीएम मोदी ने कहा, "पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कहीं ज्यादा राशि खर्च की है। हमारे लिए विकास का मतलब है, गरीब से गरीब का विकास, दलित, वंचित, आदिवासियों का विकास करना।

## 'संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में रिश्वत लेकर वोट देने वाले माननीयों को अभियोजन से राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव के मामले में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया। सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती।

फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं।' नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों को वोट के बदले नोट लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमे) से छूट देने का फैसला सुनाया था। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है। पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए फैसले की जो व्याख्या की गई है, वो संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है।'



### स्वदेशीकरण की जरूरत: राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए डेफकनेक्ट सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल विवेक आर चौधरी और रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने भी शामिल हुए।

## ''सूर्य मिशन' लॉन्च के दिन इसरो चीफ में कैंसर का चला पता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कैंसर** वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्या है। हालिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ में कैंसर का निदान हुआ है। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है। तारमक मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया, आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें



पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। इंटरव्यू में इसरो चीफ बताते हैं, ये मेरे और परिवार के लोगों के लिए काफी चौंका देने वाली स्थिति थी, पर उपचार ही इसका एकमात्र तरीका था जो समय पर होना भी जरूरी था। कैंसर का इलाज संभव है, ये लाइलाज नहीं है।

## हिमाचल: सरकारी कर्मचारियों-पेंशनरों को मिलेगा संशोधित वेतनमान का एरियर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: हिमाचल प्रदेश** में कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले लाखों कर्मचारियों व पैंशनरों को रिझाने का प्रयास किया है। सुक्खू सरकार ने नियमित सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है। नियमित कर्मचारियों को 1 जुलाई 2022 से देय महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भी भुगतान किया जाएगा। दरअसल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते 17 फरवरी को विधानसभा में अगले वितीय वर्ष का बजट पेश करते समय दो लाख सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नए वेतनमान का एरियर देने और करीब साढ़े तीन लाख कर्मियों-पेंशनरों को चार फीसदी महंगाई भत्ता जारी करने की घोषणा की थी। वित विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसचूना के मुताबिक संशोधित वेतनमान के कुल एरियर का 1.5 फीसदी मार्च और तीन फीसदी भुगतान वार्षिक रूप से वित्तीय वर्ष 2024 में किया जाएगा जो प्रति माह कुल बकाया का 0.25 फीसदी की दर से वितरित किया जाएगा। संशोधित वेतनमान का एरियर वेतन-पेंशन के साथ मासिक रूप से वितरित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नियमित सरकारी कर्मचारियों के वेतन के साथ महंगाई भत्ते का बकाया 1.5 फीसदी की मासिक दर से वितरित किया जाएगा।



## गुजरात में कांग्रेस को बड़ा झटका: अर्जुन मोढवाडिया का इस्तीफा

**अहमदाबाद:** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुजरात पहुंचने से एक दिन पहले कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। पोरबंदर से विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और एमएलए अर्जुन मोढवाडिया आज दोपहर विधानसभा पहुंचे और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस से इस्तीफे के बाद अर्जुन मोढवाडिया ने कहा कि जब कोई पार्टी जनता से अपना जुड़ाव खो देती है तो वह ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाती। देश की जनता चाहती थी कि राम मंदिर का निर्माण हो।

## दिल्ली बजट: हर महिला को 1000 रुपये महीना देगी केजरीवाल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त योजनाओं की घोषणा करने की जो राजनीति शुरू की थी, उसने उन्हें दिल्ली में अजेय बना दिया। इन्हीं मुफ्त की योजनाओं के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के बाद पंजाब में भी शानदार जीत हासिल की और बाद में राष्ट्रीय पार्टी भी बन गई। अब जबकि अरविंद केजरीवाल के ऊपर लोकसभा चुनावों से ठीक पहले शराब घोटाले में गिरफ्तार किए जाने का खतरा मंडरा रहा है, दिल्ली सरकार ने मुफ्त की घोषणाओं को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। पार्टी ने राजधानी की हर महिला को एक हजार रुपये प्रति माह देने की घोषणा कर दी है।



आम आदमी पार्टी ने स्वयं इसे राजधानी में राम राज्य आने की संज्ञा दी है। अरविंद केजरीवाल सरकार की इन घोषणाओं से गरीब-झुग्गी-झोपड़ी वालों के बीच उसकी लोकप्रियता को एक बार और बढ़ा सकते हैं।

दिल्ली सरकार में वित्त मंत्री आतिशी मारलेना ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा है कि अगले साल से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की शुरूआत की जाएगी।

## महिलाओं को सुक्खू सरकार की सौगात, हर महीने मिलेंगे 1500 रुपए

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 18 से 80 वर्ष आयु की सभी महिलाओं को जीवनभर के लिए नए वित्तीय वर्ष में 1500 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति के बाद वित्त वर्ष 2024-25 से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। योजना से करीब पांच लाख से अधिक महिलाओं को लाभ होगा। इसके लिए फॉर्म भरे जाएंगे। इस योजना से प्रत्येक परिवार सीधे-सीधे जुड़ेंगे। इस योजना पर 800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष खर्च होगा। कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को पहले से पेंशन दी जा रही है, जिसे इस योजना के तहत 1150 से बढ़कर 1500 रुपये किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्ष पहले कांग्रेस की सरकार बनी। खराब आर्थिक स्थिति थी, उस पर नियंत्रण साधा। जिस प्रदेश पर 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज हो, कर्मचारियों की 10 हजार करोड़ रुपये की देनदारियां थीं। लेकिन अपनी सार्थक नीतियों व कार्यक्रमों के बाद हमने इसका सामना किया। इसके बाद राज्य में आपदा आई। करीब चार हजार घर पूरे नष्ट हो गए। परिवारों की सहायता करने के लिए हमने कानून बदल दिया। जब कांग्रेस सरकार बनी तो जनता को कुछ गारंटियां देने का वादा किया था। पहली ही कैबिनेट बैठक में पहली गारंटी पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया। दूसरी 650 करोड़ रुपये की गारंटी राजीव गांधी स्टार्टअप योजना को तीन चरणों में शुरू की। तीसरी अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलने की थी, उसे इस सत्र से पूरा किया जा रहा है।





# मुख्यमंत्री ने एशियन रिवर राफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया

**चमन शर्मा/शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर** सिंह सुक्खू ने गत दिवस शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से 4 से 9 मार्च, 2024 तक बसंतपुर के निकट सतलुज नदी में आयोजित की जा रही एशियन रिवर राफ्टिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर चैम्पियनशिप शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, ईरान, इराक, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा इंडोनेशिया सहित 20 टीमें भाग ले रही है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में जिला



हमीरपुर के नादौन में राफ्टिंग मैराथन और गत वर्ष जिला शिमला के जुन्गा में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। राज्य में लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए साहसिक खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इससे प्रदेश ने राजस्व बढ़ौतरी के साथ-साथ लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होती है। मुख्यमंत्री ने कहा

**स्वागत योग्य**

**8 गृह मंत्री शाह और प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और सरकार के राहत कार्यक्रमों की जानकारी दी**

कि पर्यटन क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार है इससे हजारों परिवार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र की अधोसंरचना को मजबूत कर राज्य में पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है ताकि एक वर्ष में पांच करोड़ पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य हासिल किया जा सके।उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, सातवें वित आयोग के अध्यक्ष नंदलाल, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, विधायक हरीश जनारथा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम, हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, कांग्रेस के नेता सतपाल रायजादा और सुरेंद्र मनकोटिया, निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मानसी सहाय ठाकुर, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे धावक सुनील

**एसपी जैरथ**

**नाहनः सिरमौर जिला से तालुक** रखने वाले अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा मैराथन धावक सुनील शर्मा का ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने जा रही एशिया और ओशनिया चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आयोजित हो रहा है। जिसमें कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय अल्ट्रा मैराथन धावक सुनील शर्मा नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा मैराथन धावक सुनील शर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में 06 और 07 अप्रैल को एशिया और ओशनिया 24 घण्टे की चैंपियनशिप आयोजित होने जा रही है जिसका वह हिस्सा बनेंगे सुनील शर्मा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में लगातार 24 घंटे की दौड़ प्रतिभागी खिलाडि?ों को करनी



होगी और इस चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान सहित एशिया और ओशनिया की तमाम देश प्रतियोगिता का हिस्सा बनेगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे प्रतियोगिता में वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।अंतर्राष्ट्रीय धावक ने आर्थिक तौर पर सहयोग करने के लिए उद्यमी एलडी शर्मा का आभार जाता है और कहा की इस चैंपियनशिप में जाने के लिए उनकी तरफ से आर्थिक सहयोग मिल रहा है साथ ही इससे पूर्व भी उनकी बदौलत ही वह कई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बन पाए है।पत्रकार वार्ता में मौजूद सिरमौर जिला से तालुक रखने वाले मशहूर उद्यमी एलडी शर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने जा रही चैंपियनशिप के लिए सुनील शर्मा का चयन होना गौरवान्वित करने वाली बात है। इससे पूर्व भी सुनील शर्मा कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बन चुके है।

**न्यूज फ्लैश**

### कांग्रेस सरकार एक के बाद एक तानाशाही फैसले लेकर हिमाचल प्रदेश के वातावरण को दूषित करने में जुटी : बिंदल

**चमन शर्मा/शिमला**

**भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष** डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में हर्ष महाजन की जीत के बाद कांग्रेस पार्टी की सरकार पूरी तरह बौखलाहट में आ गई है। कांग्रेस सरकार लगातार एक के बाद एक तानाशाही फैसले लेकर हिमाचल प्रदेश के वातावरण को दूषित करने के अंदर जुट गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 सदस्यों को सस्पेंड करके और अन्यायपूर्ण तरीके से बजट को पास कराना तत्पश्चात 6 कांग्रेस के विधायकों को अन्यायपूर्ण तरीके से उनकी सदस्यता को समाप्त कर देना। यह पूरी तरह लोकतंत्र की हत्या हैं। डॉ बिंदल ने कहा कि इतना करने के बाद भी वर्तमान कांग्रेस सरकार संतुष्ट नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी की सरकार ने जिन विधयकों को टर्मिनेट किया उनके खिलाफ और इन्डिपेन्डेन्ट विधायको के खिलाफ लगातार पुलिस और प्रशासन का डंडा चलाने का काम शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह किसी भी तरह से मान्य नहीं है। विधायको के घरों पर छापे मारना उनके बिज?स आउटलेट्स के ऊपर छापे मारना। विभिन्न प्रकार की कार्रवाइयाँ करना, चलान करना, उनके घरों के रास्ते रोकना, उनको डराना, धमकाना, उनसे जुड़े हुए लोगों के ऊपर कार्रवाई करना, अपने लोगों को भेजकर के झगड़े करवाना, पूरे हिमाचल प्रदेश में स्थान-स्थान के ऊपर भय का माहौल पैदा करना यह किसी भी तरह से असहनीय है और बर्दाश्त नहीं होगा।

### मंडी की सुमन बनीं बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर

**खेमचंद शास्त्री/मंडी**

**मंडी की सुमन कुमारी बीएसएफ** में पहली महिला स्नाइपर बनने का गौरव हासिल किया है। जिला मंडी के सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रमुख के कुटल गांव से संबंधित रखने वाली सुमन बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। कद-काठी, मर्दों की तरह शारीरिक बनावट और ताकत न सही, लेकिन उसके अंदर जज्बा था। अपने कठिन परिश्रम, जोश, जुनून और जज्बे की वजह से जब स्नाइपर कोर्स के आठ सप्ताह पूरे हुए तो 56 मर्दों के उस बैच की अकेली लडकी सबसे आगे खड़ी थी। जी हांए हम बात कर रहे हैं बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर की और यह एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है हिमाचल के मंडी जिला की सुमन कुमारी ने। सुमन हिमाचल के मंडी जिले की एक साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता एक इलेक्ट्रीशियन और मां सिलाई अध्यापिका हैं। इस साधारण शुरूआत से लेकर बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर प्रशिक्षक बनने तक की उनकी जर्नी एक इन्सिपिरेशन है। सुमन जब इंदौर के सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपंस एंड टैक्टिक्स में आठ सप्ताह के कोर्स में शामिल होने के लिए गई थींए तब वह 56 मर्दों के बीच अकेली लडकी थी। जब कोर्स के आठ सप्ताह पूरे हुए तो 56 मर्दों के उस बैच में वह सबसे आगे खड़ी थी। सुमन कुमारी ने कठोर स्नाइपर कोर्स में ट्रेनर ग्रेड हासिल किया। इसी के साथ वह बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर बन गईं। उन्होंने इस क्षेत्र में माइलस्टोन स्थापित कर दिया है। उनकी उपलब्धि सेना और युद्ध भूमिकाओं में सेवा करने की इच्छुक युवा लड़कियों और महिलाओं के लिए आशा और प्रेरणा का काम करेगी। सुमन फिलहाल बीएसएफ की पंजाब यूनिट में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। 2021 में बीएसएफ में शामिल होने वाली सुमन कुमारी शुरूआत में पंजाब में एक प्लाटून की कमान संभाल रही थीं। सुमन की प्रारंभिक व जमा दो तक शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरयारा में हुई तथा स्कूल के दौरान ही उस बेटी में जो जज्बा था उससे मालूम होता था कि आगे चलकर बड़ा नाम कमाएगी। ऑल इंडिया में पहले स्निपर महिला बनने का गौरव अब सुमन के नाम है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक अनिल शर्मा, पूर्व विधायक कन्हैयालाल ठाकुर, क्षेत्र के तमाम पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत तरनोह के प्रधान अनामिका ठाकुर, उप प्रधान दीप कुमार शर्मा, कैप्टन काहन सिंह, बीडीसी हेमसिंह ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने कहा कि सुमन पर उन्हें गर्व है तथा जिस प्रकार उन्होंने मुकाम हासिल किया है उसे वह गदगद है।

## शिक्षा मंत्री ने जुब्बल क्षेत्र को दी करोड़ों की सौगात

### पशु औषधालय, उठाऊ पेयजल योजना और जल भवन का किया उद्घाटन

**चमन शर्मा/शिमला**

**शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर** ने आज जुब्बाल-नावर-कोटखाई विधानसभा के अंतर्गत अपनी गृह पंचायत धार के प्रवास के दौरान 21 लाख 20 हजार रूपए की लागत से निर्मित पशु औषधालय के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पशु औषधालय के बनने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी और उनके पशुओं का इलाज घरद्वार पर ही उपलब्ध होगा।

इसके पश्चात उन्होंने 2 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना दोची से कोट काईना चरण-2 का उद्घाटन किया। इस परियोजना से ग्राम पंचायत मंढोल, कठासु, कोट काईना, बढाल और धार के उन नागरिकों को लाभ मिलेगा जो योजना के पिछले चरण के लाभ से



छूट गए थे। इसके बाद शिक्षा मंत्री ने 1 करोड़ से अधिक राशि से निर्मित जल शक्ति विभाग के जुब्बल स्थित मण्डल और उपमंडल कार्यालय के जल भवन का उद्घाटन किया और जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों से मुलाकात की। इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ने हाटकोटी में 66 केवी सब स्टेशन के कार्य की प्रगति का निरिक्षण भी किया। सरकार मजबूत स्थिति में, 5 वर्ष का कार्यकाल करेगी पूरा शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार अपनी मजबूत स्थिति में और अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। विपक्ष द्वारा सरकार को अस्थिर करने के जो प्रयास किये जा रहे हैं वो कभी सफल नहीं होंगे क्योंकि प्रदेश की जनता सरकार के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है और कांग्रेस का कर्मठ कार्यकत्ता अपनी पार्टी के साथ पूरी निष्ठा के साथ खड़ा है। इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस पार्टी कर्यकर्ता की बैठक मे हिस्सा लिया और पार्टी के सदस्यों से संवाद स्थापित किया। 05 मार्च को कोटखाई प्रवास के दौरान करेंगे विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास इस दौरान शिक्षा मंत्री ने बताया कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर है और 05 मार्च को कोटखाई के प्रवास पर होंगे जहां पर वह विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। 05 मार्च को वह हुल्ली में हुल्ली, कुफर, कनलोग और ग्राम पंचायत हुल्ली के साथ लगती बस्तियों के लिए उठाऊ जल आपूर्ति परियोजना तथा गुम्मा के नव स्तर उन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात, वह गुम्मा में पार्टी कार्यकताओं से मिलेंगे और जन समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद वह प्रगतिनगर में ग्राम पंचायत गुम्मा की उठाऊ जल आपूर्ति परियोजना का शुभारंभ करेंगे और इसके पश्चात ग्राम पंचायत कलबोग में चंगावती खड़ से ग्राम पंचायत कलबोग के लिए उठाऊ सिंचाई परियोजना के प्रथम चरण का शुभारम्भ करेंगे तथा विधायक प्राथमिकता परियोजा गोवच-विकासनगर-नरागन रोड के स्तरोन्नत कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसके पश्चात, कलबोग में पार्टी कार्यकताओं से मिलेंगे और जनसमस्याएं सुनेंगे।

### नाहन में 16 वर्षीय बालक ने लगाया फंदा, मौत

**एसपी जैरथ/नाहन**

**नाहन शहर के चौगान** मैदान के नजदीक 16 वर्षीय बालक के द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अमन पुत्र लल्लन प्रसाद ने बीती रात करीब 10 बजे के आसपास फांसी लगा ली थी। बालक ने पीपल के चबूतरे के साथ बिजली के ट्रांसफार्मर के पाइप के साथ रस्सी बांधकर फांसी का फंदा बनाया था। जैसे ही बालक ने फंदा लगाया उसे कुछ ही मिनट के बाद लोगों ने फंदे से उतार लिया था।

बालक को तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के द्वारा करीब 10:15 बजे के आसपास गुन्नू घाट पुलिस चौकी में इसकी सूचना भी दी। बालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत पीजीआई रेफर कर दिया गया।

## आसमानी बिजली गिरने से रिहायशी मकान जलकर राख

**एसपी जैरथ/नाहन**

**नागरिक उपमं**डल संगड़ाह की नौहराधार तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव जामल में आसमानी बिजली गिरने से रामलाल शर्मा का मकान जलकर राख हो गया। आगजनी से करीब 2 लाख के गहने, डेढ़ लाख की नकदी, 1 बंदूक, राशन व कपड़ों सहित घर का सारा सामान जलकर राख हो गया और गनीमत यह रही किए कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार रामलाल शर्मा का परिवार अपने 1 रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गया हुआ था और यहां केवल उनकी बहन दया देवी व भांजी थी। दोनों शनिवार सायं उस वक्त



रसोई में आग सेक रहे थे जब अचानक साथ लगते कमरे मे जोरदार धमाका के साथ आग की लपटें उठी। समय रहते दोनों रसोई से बाहर भागी, हालांकि हादसे में दया देवी आंशिक रूप से घायल हुई। बिजली की आवाज सुन व घर से आग की लपटों को देखकर गांव वाले भी मौके पर पहुंचे, मगर आग इतनी तेजी से फैली कुछ राख हो गया। स्थानीय गवाही पंचायत की प्रधान सीमा धीमान ने बताया किए रविवार को पटवारी द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर पहुंचकर नुकसान की तमचवतज तैयार की गई है और अब तक प्रशासन की ओर से कोई तुरंत राहत नहीं मिली है। उन्होंने सिरमौर की जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से जल्द प्रभावित परिवार की मदद की अपील की। नौहराधार में पिछले करीब एक माह से तहसीलदार व नायब तहसीलदार का पद खाली होना राहत न मिलने का कारण बताया जा रहा है। गौरतलब है कि नागरिक उपमंडल संगड़ाह में अगिनशमन केंद्र न होने के चलते या तो लोगों को खुद जोखिम उठाकर आगजनी से अपनी संपत्ति की रक्षा करनी पड़ती है।

### टाउन हाल में जल्द खुलेगी डिजिटल लाइब्रेरी : वीरेंद्र भट

**खेमचंद शास्त्री/मंडी**

**नगर निगम मंडी ने** ऐतिहासिक घंटाघर में एक पुस्तकालय खोला है। आज नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट और डिप्टी मेयर माधुरी कपूर ने इसका विधिवत शुभारंभ किया। मेयर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि शहर के लोगों की मांग पर इस पुस्तकालय को खोला गया है। यहां पर एक साथ 17 लोगों के लिए बैठने और 8 लोगों के खड़े रहकर पुस्तकें या फिर अखबार आदि पढने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि टाउन हाल में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है और जल्द ही उसे भी जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने

## पार्वती हॉस्पिटल में 7 मार्च को उपलब्ध रहेंगे पद्मश्री डाक्टर डी.एस.राणा

**विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर**

**हमीरपुर सर गंगा राम** हॉस्पिटल दिल्ली की तर्ज पर बने पार्वती हॉस्पिटल में किडनी के मरीजों की जांच करेगें पद्मश्री डाक्टर डी.एस.राणा। डाक्टर राणा 7 मार्च को हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। पार्वती हॉस्पिटल में कार्यरत बीना सिंह ने बताया कि सर्जरी, चेकअप व परामर्श के लिए लोग पार्वती हॉस्पिटल से संपर्क कर सकते हैं।उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टर देवेंदर सिंह राणा सीनियर कंसलटेंट/नेफ्रोलॉजिस्ट दिनांक



07 मार्च को पार्वती हस्पताल दसमल दिम्मी में किडनी से सबंधित रोगों के परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे तथा डॉक्टर अश्वनी मेहता हिर्दय विशेषज्ञ रोग विशेषज्ञ दिनांक 07 व 08 मार्च को हिर्दय सबंधित रोगों के परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इन रोगों से प्रभावित व्यक्ति सेवाओं का लाभ उठायें।

बीना सिंह ने बताया कि उपरोक्त तिथियों से पहले सर्जरी की बुकिंग करवा सकते हैं। 7 मार्च को डॉक्टर साहब विशेष रूप से उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए आप लोग पार्वती हॉस्पिटल टोणी देवी रोड दम्मी दशमल में जानकारी ले सकते हैं।

## जिला मादक द्रव्य निवारण समिति की बैठक आयोजित



**चमन शर्मा/शिमला**

**अतिरिक्त उपायुक्त शिमला** अभिषेक वर्मा ने गत दिवस अपने कार्यालय कक्ष में जिला मादक द्रव्य निवारण समिति की बैठक ली।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवा पीढ़ी में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए कटिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है ताकि युवाओं को मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया जा सके। उन्होंने पुलिस, वन, स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि विभागों के अधिकारियों से आह्वान किया कि वे आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर नशाखोरी की समस्या से निजात दिलाने में सहयोग करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग को खुफिया तंत्र मजबूत करने का आह्वान किया ताकि पड़ोसी राज्यों से आ रही नशे की खेप व नशे के सौदागरों पर अंकुश लगाया जा सके और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव हो सके तथा प्रबुद्ध जनता का सहयोग लेने के दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने वन एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे भांग उखाड़ो अभियान में स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें ताकि नशे की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके और ग्रामीण लोगों को एनडीपीएस अधिनियम पर जानकारी प्राप्त हो सके।अभिषेक वर्मा ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों पर स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित करें ताकि युवाओं में इन शिविरों से सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने नशा निवारण एवं पुनर्वास केन्द्रों के समय-समय पर औचक निरीक्षण पर बल दिया तथा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि इन केन्द्रों में मनोचिकित्सक समय-समय पर उपलब्ध हो, जिससे नशे की समस्या से जूझ रहे युवाओं को लाभ मिल सके।बैठक में जिला कल्याण अधिकारी केवल राम चौहान, रिपन अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. युगवीर सिंह, पुलिस, शिक्षा विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद नाहन शाखा के चुनाव संपन्न

### लायक राम भारद्वाज अध्यक्ष, जगत राम शर्मा को चुना गया सचिव पद व कोषाध्यक्ष पद के लिए

**एसपी जैरथ/नाहन**

**जिला मुख्यालय नाहन** के संयम होटल पक्का टैंक में आज प्रांत के संगठन मंत्री नीरज गोयल की अध्यक्षता में भारत विकास परिषद नाहन शाखा के चुनाव सर्वसम्मति संपन्न हुए। जिसमें लायक राम भारद्वाज को एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव पद के लिए जगत राम शर्मा को चुना गया। इन दोनों के लिए अनुमोदन ओंकार जामवाल द्वारा किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए मीरा शर्मा को चुना गया। इसका अनुमोदन सत्यम शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर प्रांत चुनाव पर्यवेक्षक नीरज गोयल ने सम्पर्क और संस्कार को




सबसे अधिक अधिमान देने की बात कही और इस संगठन को और आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अध्यक्ष लायक राम भारद्वाज ने पूरे वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो.अमर सिंह चौहान, डा.सुरेश जोशी, ओंकार जामवाल, यशपाल शर्मा व वी.सी.जैन ने अपने-अपने विचार रखें कि इस संस्था को आगे कैसे बढ़ाए तथा समाज में सामाजिक गतिविधियां कैसे बढ़ाई जाएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रतिबद्ध होने पर जोर दिया। प्लास्टिक जैसी चीजों का प्रयोग न करने पर बल दिया जाए तथा बच्चों में पनप रही नशे की प्रवृत्ति पर भी प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारित बनने पर बल दिया जाएं ताकि देश में बच्चे जो कि देश का भविष्य है वह आगे आए और उनको अच्छी शिक्षा दिलाने पर भी जोर दिया जाएगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को नई कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारीयों को चयनित करने का अधिकार दिया गया और अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए सहमति बनी। मंच का संचालन सचिव सुनील दत्त शर्मा जी ने किया।इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय पर्यावरण समिति के सचिव ओंकार जामवाल तथा महिला प्रांत संयोगिता सत्यम शर्मा पांवटा साहिब शाखा के अध्यक्ष अनिल सैनी, विशाल बसंल भारत विकास परिषद के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारी विजय जैन, प्रोफेसर अमर सिंह चौहान, डॉक्टर सुरेश जोशी, राजेश भार्गव, अशोक सैनी, संजीव कुमार, पवन कमल, कृष्ण चन्द सोहल, प्रदीप शर्मा, सतीश रात्रा, मोहिन्द्र कवंर, जगदीश शर्मा, यशपाल शर्मा, महिला प्रमुख सुमन शर्मा अनुराधा मोहिल उपस्थित रहे।

## दुर्गा दत्त शर्मा के नाम पर होगा सीसे स्कूल नारग का नामकरण

**एसपी जैरथ/नाहन**

**राजकीय आदर्श वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय नारग का नामकरण इस क्षेत्र के जाने माने व्यक्ति पंडित दुर्गा दत्त शर्मा के नाम से कर दिया गया है। जिसकी मंजूरी केबिनेट से बीते कल प्रदान कर दी गई है। बता दें कि स्वर्गीय पंडित दुर्गा दत्त शर्मा ने नारग क्षेत्र में आर्य समाज की स्थापना की थी तथा एक समाजसेवी के रूप में उनकी पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान थी । इस महान विभूति के नाम पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारग का नाम करने बारे बीते कई वर्षों से



मांग चली आ रही थी जोकि इस सरकार द्वारा पूरी की गई है। जिसमें समूचे नारग क्षेत्र में प्रसन्नता को माहौल है।

इस कार्य को अंजाम देने के लिए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खु और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव दयाल प्यारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद परमार, का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रणधीर सिंह पवार, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, मुन्नीलाल पवार, शकुंतला प्रकाश चौहान, सत्येंद्र नेहरू, हरदेव राणा, विक्रम जैलदार , नरेंद्र शर्मा, रतन कश्यप, दिनेश ठाकुर युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल तथा एनएसयूआई के सभी पदाधिकाररियों ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने किया जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## तेगुबेहड़ में 10 बिस्तरो वाले बर्थ वेटिंग रूम का भी किया लोकार्पण

**श्याम कुल्वी/कुल्लू**

**राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस** पर आज मुख्य संसदीय सुंदर सिंह ठाकुर ने नागरिक अस्पताल तेगु बहेड में शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के शिशुओं को पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिला कर जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य ससंदीय ने तेगुबहेड 10 बिस्तरों वाले बर्थ वेटिंग रूम का लोकार्पण किया। कहा कि इस बर्थ वेटिंग रूम के आरम्भ होने से दूर दराज क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं यहाँ प्रसव से 15 दिन पूर्व दाखिल हो सकेगी तथा उन्हें यहां पर सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जिले की दूर दराज क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं प्रसव से पूर्व यहाँ भर्ती हो सकेगी।मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने



तेगुबहेड नागरिक अस्पताल में फूली ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनेलाइजर मशीन का भी लोकार्पण किया। इस मशीन में 38 ब्यक्तियों के एलएफटीएआरएफटी लिपिट प्रोफाइल से सम्बंधित लगभग डेढ़ दर्जन टेस्ट एक साथ हो सकेंगे तथा 45 मिनट में रिपोर्ट भी प्राप्त हो जायेगी। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रति वचनवद्ध है तथा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घर द्वार के निकट विशेषज्ञ चिकित्सका जांच व उपचार की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को उनके घर द्वार के निकट बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इस फुली ऑटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री एनालाइजर मशीन के लग जाने से क्षेत्र के लोगों को विभिन्न चिकित्सा टेस्ट के लिए निजी लैब नही जाना पड़ेगा तथा अस्पताल में ही डेढ़ दर्जन से अधिक टेस्ट निशुल्क हो सकेगें।उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले अन्य अस्पतालों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज पवार ने बताया कि जिले में लगभग डेट दर्जन से अधिक पल्स पोलियो बूथों पर भारी बर्फबारी के बावजूद आज पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है जिसके लिए 803 टीमों का गठन कर 402 बूथ स्थापित किए गए हैं जिन पर 1607 कर्मचारी शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 31521 बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिला रहें हैं। उन्होंने बताया कि 10 ट्राजेन्ट पॉइंट तथा 7 मोबाइल टीम भी इस कार्यों में लगाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारण वश कोई बच्चा आज पोलियो ड्रॉप्स लेने से छूट जाता है तो 4 व 5 मार्च को घर-घर जाकर पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जायेगी।जिले में तीन दर्जन से अधिक पोलियो बूथों पर सुबह से ही माताएं अपने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए पहुंच गई थी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर, पूर्व प्रधान राकेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ उषा, बीएमओ डॉ नीलम व अन्य उपस्थित थे।

# डेढ़ लाख पेंशनर्स के साथ सौतेला व्यवहार क्यों : मेलाराम शर्मा

**एसपी जैरथ/नाहन**

**सिरमौर जिला पेंशनर्स** संघ के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने सुक्खू सरकार पर डेढ़ लाख पेंशनर्स के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के सेवारत कर्मचारियों और अधिकारियों को तो 4 प्रतिशत डीए की किस्त मई माह से देने की अधिसूचना जारी कर दी है परंतु बुढ़ापे के कठिन दौर से गुजर रहे पेंशनर्स को महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की अधिसूचना जारी नहीं की जिस कारण हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स में सरकार के प्रति रोष उत्पन्न होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए की किस्त की अधिसूचना के अनुसार सरकार द्वारा जुलाई 2022 से मार्च 2024 तक के एरियर को भी फ्रीज करने की साजिश रची जा रही है जिससे कर्मचारियों में भी रोष व्याप्त हो



गया है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापे की कठिन परिस्थितियों में लाखों पेंशनर्स 2016 से छठे वेतनमान की बढ़ोतरी के बकाये का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं परंतु परंतु बड़े हुए वेतनमान का बकाया और ग्रेच्युटी इत्यादि तो दूर परंतु प्रदेश सरकार ने उन्हें 4प्रतिशत महंगाई भत्ते से भी मरहूंम कर दिया है। सिरमौर जिला पेंशनर संघ के प्रवक्ता ने सरकार से आग्रह किया कि 2016 के बाद छठे वेतन आयोग के अनुसार उन्हें ग्रेच्युटी, बढ़े हुए भत्ते और महंगाई भत्ते की किस्त तुरंत जारी की जाए ताकि बुढ़ापे में पेंशनर्स आर्थिक तंगी के रहते अपने जीवन भर की कमाई का धन प्राप्त करके अपना जीवन बसर आसानी से कर पाए। उन्होंने कहा की पेंशनर्स राज्य सरकार से खैरात नहीं अपितु अपना हक मांग रहे है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि सरकार सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और जीवन के अंतिम पड़ाव में उनके हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि पेंशनरों के लिए सरकार ने शीघ्र चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त की अधिसूचना जारी नहीं की तो आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# ऊना से उज्जैन व हरिद्वार तक सीधी ट्रेन चलाने पर नवीन शर्मा ने किया अनुराग ठाकुर का धन्यवाद

**विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर**

**हिमाचल प्रदेश** कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चैयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने ऊना से उज्जैन व हरिद्वार तक सीधी ट्रेन चलाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया है।नवीन शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के निरंतर प्रयासों से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने हिमाचल को कई ट्रेनों की सौगातें दी हैं ।नवीन शर्मा ने कहा कि हर हिमाचल वासी व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अनुराग ठाकुर का



आभार व्यक्त करती है। नवीन शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के निवेदन पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को सौगातें देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।नवीन शर्मा ने कहा कि इन दोनों ट्रेनों के चलने से हिमाचल वासियों को लाभ मिलेगा और धार्मिक यात्राओं में बढ़ोतरी होगी। नवीन शर्मा ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि होने के नाते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सदैव हिमाचल के विकास व हिमाचल के हितों के लिए काम किया है। नवीन शर्मा ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में अनुराग ठाकुर पूरे हिमाचल से रेकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे।

# मजदूरों ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन

**विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर**

**हिमाचल भवन सडक** निर्माण मजदूर यूनियन संबंधित सीटू से जुड़े सैकड़ों मनरेगा व गांव के निर्माण मजदूरों ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है जब से प्रदेश में सुख्खू की सरकार प्रदेश में बनी है तब से श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों को मिलने वाले सारे लाभ बंद कर दिए गए हैं। 15 महीने से ज्यादा समय होने के बाद भी मजदूरों को मात्र आश्वासन ही कल्याण बोर्ड के अधिकारियों से मिलते आ रहे हैं जबकि मजदूरों को पिछले 2 सालों का छात्रवृत्ति, शादी और अन्य लाभ जारी नहीं किये जा रहे हैं ना ही मजदूरों का नवीनीकरण व पंजीकरण किया जा रहा है। जिससे हजारों मजदूर



श्रमिक कल्याण बोर्ड के मिलने वाले लाभों से वंचित हो रहे हैं। कई बार मजदूरों के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री जो वर्तमान में श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भी है से भी मिल चुके हैं और बोर्ड के सचिव से भी मुलाकात कर चुके हैं जो बोर्ड के सचिव बात करते हैं।उन्हें श्रमिक कल्याण अधिकारियों द्वारा लागू नहीं किया जाता है और अलग तरीके से अपने-अपनी परिभाषा में परिभाषित कर मजदूरों के काम पर पाबंदियां लगाई जा रही है जिससे हमीरपुर के निर्माण मजदूर बहुत परेशान हो रहे हैं। श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक 29 फरवरी को शिमला में रखी गई थी परंतु बदले राजनीतिक घटनाक्रम के चलते यह 1 मार्च को संभव हो सकी। उसमें भी मुख्यमंत्री बतौर अध्यक्ष 10 मिनट के लिए बैठक में आए और मजदूरों को के मसलों को कोई गंभीरता से नहीं लिया उल्टा हमीरपुर में पंजीकृत सभी निर्माण मजदूरों को फर्जी करार दे रहे हैं जबकि पिछली कांग्रेस की सरकार में जब स्वयं विधायक भी नहीं थे तब उन्ही मजदूरों को वाशिंग मशीन, साइकिल, इंडक्शन और सोलर लैंप जैसा सामान बांटते थे और उन्ही मजदूरों के बल पर चुनाव जीत सके थे वही मजदूर अब मुख्यमंत्री की आंख की किरकिरी हो गए हैं।मुख्यमंत्री का रवैया मजदूर विरोधी है और बैठक में भी उनकी भाषा हमीरपुर में पंजीकृत हजार निर्माण मजदूर को फर्जी बताकर तिरस्कार तृषकृत करने वाली है। यूनियन ने फैसला किया है की 11 तारीख तक अगर कल्याण बोर्ड में मजदूरों का नवीनीकरण, पंजीकरण पहले की तरह शुरू नहीं किया और मजदूरों के लंबित लाभ जारी नहीं किया और मनरेगा मजदूरों को श्रमिक कल्याण बोर्ड का सदस्य नहीं बनाया तो गांव-गांव में अध्यक्ष व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खु के शंख बजाकर पुतले जलाए जाएंगे। आज के प्रदर्शन को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर, जिला सचिव जोगिंदर कुमार, धर्म सिंह, मीना,कांता, प्रवीण ने संबोधित किया।

# उपायुक्त ने की केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के दौरे की तैयारियों की समीक्षा

**विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर**

**उपायुक्त अमरजीत सिंह** ने केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के 5 मार्च को प्रस्तावित हमीरपुर दौरे के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों को लेकर सोमवार को जिला के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई और सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न स्थानीय परियोजनाओं के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर



उपायुक्त ने केंद्रीय मंत्री के हमीरपुर में आगमन से लेकर प्रस्थान तक की सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री मंगलवार को दोपहर बाद लगभग 3 बजे दोसडका के पुलिस मैदान में हिमाचल की विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं के उदघाटन एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के तुरंत बाद वह दिल्ली लौट जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के लिए निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और प्रोटोकॉल के अनुसार अन्य सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीसी मनेश यादव, एएसपी राजेश कुमार, सहायक आयुक्त पवन शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा, एनएचएआई के परियोजना निदेशक विक्रम सिंह मीणा, होमगार्ड्स के कमांडेंट सुशील कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरके अग्निहोत्री और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# राणा ने जनता का साथ छोडकर सुजानपुर से की बेईमानी: पूर्व अध्यक्ष

**विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर**

**ब्लाक कांग्रेस टौणी** के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि पिछले दिनों हुए घटनाक्रम से सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा की करनी व कथनी की पोल खुलकर सामने आ गई है।ठाकुर ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने राजेंद्र राणा को नाम दिया और राजनीति में जमीन तलाशी, उसी पार्टी को धोखा देकर राजेंद्र राणा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से भी दगा दिया है। राजेंद्र राणा को विधायक चुनने पर भी



पछता रही जनता अब सुजानपुर की जनता पछता रही है कि ऐसे व्यक्ति को चुनकर विधानसभा में क्यों भेजा।सोमवार को यहाँ जारी प्रैस ब्यान में राजेश ठाकुर ने कहा कि एक विधायक का कर्तव्य होता है कि वह चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में हो। जनता के कार्यों को करवाए लेकिन सुजानपुर के विधायक रहे राजेंद्र राणा अपनी महत्वकांक्षाओं में ही डूबे रहे तथा लोग अपने कार्यों को करवाने के लिए तरसते रहे।अब राजेंद्र राणा ने सुजानपुर के कार्यकर्ताओ व जनता का साथ छोडक? सुजानपुर से बेईमानी की है। जिसका खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# स्यांजी कोठी में किसान गोष्ठी आयोजित

**सुभाग सचदेवा/गोहर**

**ग्राम पंचायत स्यांजी** कोठी मे कृषि विभाग विकासखंड धनोटू के द्वारा प्राकृतिक खेती पर एकदिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों स्थानीय किसानों ने भाग लिया।

उपस्थित सभी किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताते हुए विभाग की अधिकारियों ने जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत बनाने की विधि और उसके उपयोग करने की विधि के बारे में अवगत कराया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि



यह शून्य बजट की कृषि है क्योंकि इसमें किसानों को फसल उत्पादन के लिए उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर खर्च करने की आवश्यकता नहीं होती शून्य बजट प्राकृतिक कृषि का उद्देश्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग ना करना और जैविक कीटनाशकों का बढ़ावा देना है। किसानों को फसल संरक्षण के लिए गोबर, पौधों एवं मानव के अवशिष्ट, केंचुआ एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी गई उन्हें बताया गया कि इस प्रणाली से न केवल मिट्टी के अपरदन की रक्षा होती है बल्कि मिट्टी की उर्वरता में भी वृद्धि होती है और साथ ही किसानों को फसल लागत में भी कमी आती है और उनकी आय में भी वृद्धि होती है सभी उपस्थित सभी किसानों को विभाग द्वारा फ्रासबीन, करेला, भिण्डी, व खीरे के बीज भी बांटे गए। इस गोष्ठी में खण्ड तकनीकी अधिकारी नरेन्द्र कुमार, सहायक तकनीकी अधिकारी सौरभ वालिया, मास्टर ट्रेनर सरवण, रोशन लाल, नन्द लाल, ग्राम पंचायत स्यांजी कोठी के उपप्रधान खेमू चन्द शामिल वह स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एनजेएचपीएस झाकड़ी में 53वे राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**लिहांटू/झाकड़ी**

**नाथपा झाकड़ी हाइड्रो** पावर स्टेशन में इस वर्ष पर्यावरण, सामाजिक और शासन ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें थीम पर आधारित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह दिनांक 4 मार्च से 10 मार्च, 2024 तक मनाया जायेगा। इस सप्ताह का शुभारंभ दिनांक 4 मार्च को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक वित एवं लेखा विवेक भटनागर द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा झण्डा फहरा कर किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत एसजेवीएन सॉन्ग को सस्वर गाया गया। इसके पश्चात मुख्यातिथि द्वारा सभी उपस्थित



कर्मियों को सुरक्षा-शपथ दिलायी गई।नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन निरंतर निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमति गीता कपूर के कुशल मार्गदर्शन में अपना सर्वोत्तम देता आ रहा है। परियोजना प्रमुख मनोज कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं परियोजना की सुरक्षा हेतु समय-समय पर अनेक जागरूकता कार्यक्रम को कर्मियों के बीच प्रतिपादित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य परियोजना की सुरक्षा और लोगों को किसी भी प्रकार की हानि से बचाना है। इसी प्रकार हम अपनी परियोजना को दुर्घटना मुक्त बना सकते है। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर सीआईएसएफ अग्नि विंग द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों से संबधित जानकारी प्रद्युत प्रबंधक सेफ्टी द्वारा सभी को प्रदान की गई। इसके पश्चात सीआईएसएफ. अग्नि विंग कर्मियों द्वारा सुरक्षा संयंत्रों प्रचालन एवं आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी मौजूद सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को दी गई। इस अवसर मुख्यतिथि महोदय ने कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत आवश्यक है कि हमारी और परियोजना की सेफ्टी हमेशा सुचारू रूप से बनी रहे। इसी हेतु सीआईएसएफ अग्नि विंग की पूरी टीम कड़ी मेहनत और लगन से हमेशा कार्य करते रहते है। इस अवसर पर परियोजना के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# नाटक 'भगवद्जुक्कम' के मंचन ने दर्शकों को ठहाके लगाने पर किया मजबूर

**श्याम कुल्वी/कुल्लू**

**स्थानीय संस्था ऐक्टिव** मोनाल कल्चरल ऐसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से भाशा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में कला केन्द्र कुल्लू में आयोजित किए जा रहे नौ दिवसीय कुल्लू राश्ट्रीय नाट्य महोत्सव की तीसरी संध्या नाट्यांष सोसायटी उदयपुर राजस्थान के कलाकारों ने बोधायन कृत नाटक भगवद्जुक्कम का रेखा सिसोदिया के निर्देशन में मंचन कर दर्षकों को कभी गुदगुदाया तो कभी ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। नाटक में एक सन्यासी योगी अपने शिष्य को आत्मा और षरीर पृथक हैं की



शिक्षा देता है। शिष्य पूर्ण रूप से अभी सन्यास धारण करने योग्या नहीं होता। इसी बीच एक गणिका बाग में उसे दिखती है और चेला उसे देख कर मोहित होता है। वह अपने प्रेमी की प्रतीक्षा कर रही होती है। उस समय यमदूत रूपी सर्प उस गणिका को ढस लेता है और यमदूत उसकी आत्मा को लेकर चला जाता है। चेला इसी बीच गुरू को मदद के लिए कहता है। जब गुरू कहता है कि इसके कर्म पूरे हो गए हैं तो चेला गुरू को कहता है कि आप तो इसकी मदद ही नहीं करना चाहते और भी गुरू को अनाप शनाप कहता है, यह तक भी कहता है कि आपके पास तो योग षक्ति ही नहीं है। इस पर गुरू उसे योग शक्ति दिखाने के लिए अपना शरीर छोड़ गणिका के शरीर में प्रवेश करता है। इसी बीच यमदूत गणिका की आत्मा को भी वापिस लाता है क्योंकि वह उसे गलती से गया था। उठाना किसी और को था और उठा ली गई वह गणिका। अब जब वह वापिस आता है देखता है कि गणिका के षरीर में तो सन्यासी की आत्मा घुसी है। अब यमदूत भी शरारत करता है वह गणिका की आत्मा को सन्यासी के षरीर में घुसा देता है। अब हास्य उत्पन्न होता है। गणिका का शरीर सन्यासी जैसा व्यवहार करने लगता है तो सन्यासी का षरीर गणिका जैसा। अन्ततः यमदूत सन्यासी से निवेदन करता है कि अपना षरीर वापिस ले ले। फिर सब ठीक हो जाता है। नाटक में अमित, अगस्त्य, उर्वषी, रिया, कृश्णा, भुवन, मुकुल, तंजीम, अषरदए, हर्श, हर्शिता, यष, कुशाग्र, राजन और दिव्यांश आदि कलाकारों ने अपनी अपनी भूमिकाओं को बेहतर अन्जाम दिया। जबकि प्रकाश संयोजन रिजवान मंसूरी का रहा और बैक स्टेज पूनम तथा शहजोर अली ने कार्य सम्पन्न किया।

# नाचन का गौरव ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई के लिए चयनित

**सुभाग सचदेवा/गोहर**

**नाचन विधानसभा क्षेत्र** के चैलचौक के काथला गांव का गौरव ठाकुर आर्मी के एसएसबी बोर्ड के तहत ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई के लिए चयनित हुआ है।वह 28 मार्च को इस अकादमी को जॉइन करेगा । 9 महीने की ट्रेनिंग के बाद वह आर्मी में सेना अधिकारी के रूप में सेवाएं देगा। गौरतलब है कि गौरव ठाकुर के पिता भवानी सिंह पूर्व पेरा कमांडो रह चुके है। जबकि उनके दादा अमर



सिंह आईटीबीपी में सेवाएं दे चुके है। पूरा परिवार देश की सेवा में लगा है। जबकि बतौर सेना अधिकारी के रूप में चयनित होने पर नाचन में खुशी की लहर है। इससे पहले भी गोहर क्षेत्र से ही रक्षित गुप्ता भारतीय नेवी में बतौर लेफ्टिनेंट चयनित होने से पुरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि सेना के उच्च पदों पर गोहर क्षेत्र के युवाओं की नियुक्ति से लोगों का देश की सेवा का जज्बा बढ़ता जा रहा है। गौरव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया है।

# पीएम ने 5515 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एसजेवीएन की सात परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास किया

**चमन शर्मा/शिमला**
**प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी** ने गत दिवस आदिलाबाद, तेलंगाना में एक समारोह में वर्चुअल रूप से एसजेवीएन के चार विद्युत स्टेशनों अर्थात उत्तराखंड में 60 मेगावाट नैटवाड़ मोरी जलविद्युत स्टेशन, उत्तर प्रदेश में 75 मेगावाट का परासन सौर ऊर्जा स्टेशन, 75 मेगावाट का गुरहा सौर ऊर्जा स्टेशन और 50 मेगावाट का गुजराई सौर ऊर्जा स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने एसजेवीएन की परियोजनाओं यथा हिमाचल प्रदेश में 382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना और 15 मेगावाट नंगल फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना और असम में 70 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला भी रखी। यह सभी जलविद्युत और सौर ऊर्जा परियोजनाएं देश के वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन अर्थव्यवस्था हासिल करने के लक्ष्य में योगदान देंगी। प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी ने 56 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विद्युत एवं बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर तेलंगाना की राज्यपाल, डॉ.तमिलिसाई सौंदराराजन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए. रेवंत रेड्डी, तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन एवं विकास मंत्री,



जी.किशन रेड्डी उपस्थित रहे।इस अवसर पर, तेलंगाना में गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन तथा अखिलेश्वर सिंह, निदेशक वित्त, एसजेवीएन भी समारोह में उपस्थित रहे। एसजेवीएन कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में सलिल शमशेरी, कार्यकारी निदेशक आईटी एंड एसई,श्री चंद्र शेखर यादव, कार्यकारी निदेशक मा.सं. और वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल रूप से समारोह में जुड़े। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी का सभी को निर्बाध, विश्वसनीय और किफायती विद्युत आपूर्ति के लिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से 500 गीगावॉट स्थापित क्षमता प्राप्त करने के नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए एसजेवीएन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कपूर ने एसजेवीएन को इन विद्युत परियोजनाओं को कार्यान्वयन के लिए प्रदान करने हेतु केंद्रीय विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, आर.के.सिंह, भारत सरकार और राज्य सरकारों का भी आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास की गई कुल 727 मेगावाट क्षमता की सात परियोजनाओं की निवेश लागत 5515 करोड़ रुपए है। इन परियोजनाओं से प्रतिवर्ष 2255 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन की संभावना है तथा प्रतिवर्ष 20,10,941 टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा।

# विधायकों की बगावत के बाद अब रेवड़ियाँ बाँट रहे सीएम: राकेश जम्वाल

**खेमचंद शास्त्री/मंडी**
**सुंदरनगर से भाजपा** विधायक व मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने सीएम ठाकुर सुखविंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस में खुलकर कलह मची हुई है।कभी कैबिनेट मीटिंग से मंत्री नाराज होकर बाहर निकलते हैं तो कभी कैबिनेट मीटिंग ही रद्द कर दी जाती है। जमवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद इस बात को कहते हैं कि 80 प्रतिशत विधायक उनके संपर्क में हैं।इसका अर्थ साफ है कि 20 प्रतिशत विधायक सुखविंदर सिंह को मुख्यमंत्री नहीं मानते। कांग्रेस के इसी कलह से लगता है कि सरकार में भारी फूट है और सरकार जल्द ही अपने ही भार से डूब जाएगी। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि केवल गुटबाजी



ही नहीं इस पूरे प्रकरण में जनता पीड़ित है व जिस प्रकार इन विधायकों के गृह क्षेत्र में कांग्रेस सरकार लोगों को उकसा कर प्रदेश में कानून व्यवस्था खराब कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री की विधायकों को जो शब्दावली प्रयोग में लायी वह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि डैमेज कंट्रोल को रोकने के लिए सुक्खू सरकार में जिस तरह ताजपोशियां की जा रही सरकार यह बताए कि अभी तक तो आपके पास प्रदेश चलाने के लिए हिमाचल सरकार के पास पैसा नहीं था, पर आज जब अपने हाथ से सत्ता खिसकती दिख रही तो हर उस विधायक जो उन्हें खिसकता दिख रहा, उन्हें कैबिनेट रैंक से नवाजा जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार को लताड़ते हुए कहा कि अगर कॉंग्रेस सरकार में आपसी सांमजस्य नहीं है तो उसका भुगतान प्रदेश की भोली भली जनता क्यों करें गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लोगों को झूठी गारंटीयों के दीवास्वप्न दिखा कर बनी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

**मनिष/सोलन। राष्ट्रीय लोक अदालत** 09 मार्च, 2024 को सोलन जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी आज यहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। उन्होंने कहा कि 09 मार्च, 2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन परिसर तथा कण्डाघाट, अर्की, कसौली और नालागढ़ न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध,चेक बाऊंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामले, धन वसूली के मामले इत्यादि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा।

# आईटीआई हमीरपुर में आयोजित किया गया जागरुकता शिविर

**विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर**
**महिला एवं बाल विकास** विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के सौजन्य से डिस्ट्रिक्ट हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ विमेन डीएचईडब्ल्यू द्वारा वो दिन योजना के तहत सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में जिला स्तरीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मासिक धर्म स्वच्छता और महिलाओं से संबंधित योजनाओं की दी जानकारी शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा, अन्य अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षु उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के पूर्व जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी



सतीश शुक्ला ने आईटीआई प्रशिक्षुओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान किशोरियों एवं महिलाओं को स्वच्छता पर खास ध्यान देने की जरुरत होती है वरना वे कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियों की शिकार हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में मासिक धर्म को लेकर कई भ्रांतियां व्याप्त रही हैं। इसलिए मासिक धर्म स्वच्छता हमेशा एक गंभीर विषय रहा है। सतीश शुक्ला ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी से होने वाली बीमारियों के कारण हर साल कई महिलाओं की मौत तक हो जाती है। इसलिए इस संबंध में अधिक जागरुकता की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला स्तर पर डीएचईडब्ल्यू की स्थापना की है, जहां महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध रहती है और विभिन्न जागरुकता शिविरों के माध्यम से यह जानकारी ग्रामीण महिलाओं तक भी पहुंचाई जाती है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए जिला में वन स्टॉप सेंटर भी स्थापित किया गया है। पीड़ित महिलाओं को इस सेंटर में 5 दिन का अस्थायी आश्रय एवं मुफ्त कानूनी, चिकित्सा सहायता एवं परामर्श उपलब्ध करवाए जाते हैं। प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिस पर खुलकर बात करना जरूरी है, ताकि किशोरिओं एवं महिलाओं को इससे जुड़ी किसी भी तरह की बीमारी से बचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की प्रशिक्षुओं ने लघु नाटक प्रस्तुत किया तथा विभिन्न गतिविधियों जैसे भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों की प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिरक्षण दिवस के अवसर पर आज 29617 बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाई गई



**श्याम कुल्वी/कुल्लू। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू** डॉ नागराज पवार ने आज यहां बताया कि कुल्लू जिला में राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस के अवसर पर आज 29617 बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाई गई।उन्होंने बताया कि जिले में स्थापित 402 बूथ पर 28004 बच्चों को, जबकि हाई रिस्क एरिया में सभी 196 बच्चों को और जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थापित 10 ट्रांजिट बूथो पर 667 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई है । उन्होंने बताया कि जिले में जीरो से 5 वर्ष आयु वर्ग के 31 521 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य रखा गया था उन्होंने बताया कि जिले में लक्ष्य का 94.12 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिले में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फ गिरने के कारण अविभावक कुछ बच्चो को बूथ तक नहीं ला पाए उन सभी बच्चों को कल यानी चार व 5 मार्च को घर घर जा कर पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी।

### 5 व 6 मार्च को चम्बा में कैंटीन की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी

**हामिद/चंबा । कैप्टन अनुमेहा पराशर** सेवा निवृत्त, उपनिदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य चैकअप के लिए 6 मार्च को सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में,12 मार्च को खैरी में चिकित्सा कैंप स्टेशन हैडक्वाटर ई.सी.एच.एस. द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कर्नल एस. काने, डा. वाई.डी. शर्मा लाभ सिंह, सुदर्शन कुमार, लैब टेक, जोगिन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। कैप्टन अनुमेहा पराशर ने बताया कि जिन्होने खून व शुगर की जांच करवानी है वो खाली पेट आए। उन्होंने समस्त भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों से आग्रह है कि वे सभी इस सम्मेलन में उपस्थित हो कर स्वास्थ्य शिविर में अपना चैकअप करवा कर दवाईयां ले सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सैनिक विश्राम गृह चंबा में 5 व 6 मार्च को भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों के लिए कैंटीन की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैद्य जिसमें केवल ग्रॉसरी आइटम्स का समान ही उपलब्ध रहेगा।

### ईजमायट्रिप .कॉम का तीसरी तिमाही में कर बाद मुनाफा 9 .5प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 45 .7 करोड़ रुपये हुआ

**पौंटा साहिबः भारत के** अग्रणी ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिप. कॉम का दमदार वित्तीय प्रदर्शन जारी है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना 18.1प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,607.9 मिलियन रुपये हो गया। वहीं एबिटा सालाना 10.9प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 653.7 मिलियन रुपये रहा और कर बाद मुनाफा सालाना 9.5प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 456.6 मिलियन रुपये हो गया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का सकल बुकिंग राजस्व 20260.7 मिलियन रुपये रहा।एक सफल तिमाही के बाद कंपनी ने ईसीओ होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में लगभग 13प्रतिशत की हिस्सेदारी ली है जिससे ऑनलाइन यात्रा सेवाओं से परे कंपनी के पोर्टफोलियो में विविधता आ गई।ईजीट्रिप प्लानर्स के सह संस्थापक और सीईओ निशांत पिट्टी ने कहा,हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में पीएटी (कर बाद मुनाफा)सालाना 9.5प्रतिशत वृद्धि के साथ बढ़कर 456.6 मिलियन रुपये रहा जो लाभ प्रदता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।इसी तरह वित्त वर्ष 24 के 9 महीनों में पीएटी सालाना आधार पर 15.0प्रतिशत बढ़कर 1188.6 मिलियन रुपये हो गया।वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के पहले 9 महीनों में जीबीआर क्रमशः 20260.7 मिलियन रुपये और 64226.0 मिलियन रुपये रहा।पर्यटकों की जरूरतों के मुताबिक सेवाओं की पेशकश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ईजमायट्रिप ने इजी दरशन की शुरूआत की है जो पूरे भारत में यात्रियों की जरूरतों के मुताबिक तीर्थ यात्रा पैकेज की सुविधा देता है।ये पैकेज सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए परेशानी मुक्त यात्रा,परिवहन,आवास,गाइडेड पर्यटन और विशेष पूजा की सुविधा मुहैया कराते हैं।इसके अतिरिक्त एक्सप्लोर भारत/ डिस्कवर द सोल ऑफ इंडिया का लॉन्च विदेशी यात्रियों को ध्यान में रखते हुए हुए देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति और परिदृश्य का प्रदर्शन करना है।

# जोगिंद्रनगर में बिन बाप की बेटी की शादी के लिए फरिश्ता बने दानवीर, प्रशासन भी बना मददगार



**संगराय/जोगिंद्रनगर**
**जोगिंद्रनगर में बिन बाप** की बेटी की शादी के लिए दानवीर फरिश्ता बने हैं। प्रशासन भी निर्धन परिवार की ढाल बना। बेटी की शादी के खर्च को लेकर मां परेशान थी। इसी बीच शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने राशन की व्यवस्था कर दी। जबकि स्थानीय प्रशासन से शादी समारोह के लिए टैंट, बिस्तर और अन्य साजो सजावट का सामान भी उपलब्ध करवाकर बड़ी राहत प्रदान की है। मिली जानकारी के अनुसार नेर घरवासड़ा पंचायत से संबंध रखने वाली कृष्णा देवी की बेटी की शादी मार्च माह की आठ तारीख को तय हुई है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर उन्होंने मंडल भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्षा मेघना ठाकुर के माध्यम से सहायता की गुहार लगाई। इसी बीच रोटरी क्लब के सम्मानित सदस्यों को भी जब अवगत करवाया गया तो उन्होंने अबिलंब शादी समारोह के लिए राशन की व्यवस्था कर डाली और रोटरी के इक्को फ्रैंडली डूना व पत्तल भी उपलब्ध करवाए। वहीं मेघना ठाकुर ने भी अपने और सहयोगी साथियों के साथ धन की व्यवस्था की। शादी के लिए सामान व धाम के लिए राशन की व्यवस्था हो गई है। सोमवार को रोटरी क्लब के पूर्वाध्यक्ष अजय ठाकुर, राम लाल वालिया और रोटेरियन डॉ अनिल चौहान ने बताया कि स्थानीय लोगों के आहवान पर उन्होंने राशन की व्यवस्था जरूरतमंद परिवार के लिए उपलब्ध करवा दी है। मेघना ठाकुर ने बेटियों की शादी में ऐसे ही बढ़ चढ़ कर सहयोग करने की मांग की। वहीं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि प्रशासन के माध्यम से निर्धन परिवार की बेटी की शादी के टैंट, कुर्सियां, बिस्तरें व कुछ शामियाने उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

**मदद**

8 बेटी की शादी के खर्च को लेकर मां परेशान थी। इसी बीच शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने राशन की व्यवस्था कर दी

## नेस्ले कर्मचारियों ने ली सुरक्षा नियमों का पालने करने की शपथ

**राजन पुरी/ऊना। नेस्ले इंडिया** लिमिटेड टाहलीवाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 11 मार्च तक चलेगा, जिसमें अलग-अलग सुरक्षा नियमों बारे प्रत्येक कर्मचारी को बताया जाएगा तथा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी प्रबंधक अमित दुग्गल ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान सडक सुरक्षा, जीवन रक्षक नियमों, आग से सुरक्षा के उपाए और कैसे हम सुरक्षा और स्वास्थ्य को अपने कार्य संस्कृति ० जीवन शैली में उतार सकते हैं, के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# जिला भाजपा अध्यक्ष ने की जिला मोर्चों व प्रकोष्ठों के जिला पालकों की नियुक्ति

**श्याम कुल्वी/कुल्लू**
**भारतीय जनता पार्टी** के जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने आज भाजपा के जिला के सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के पालकों की नियुक्ति की है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा को जिला युवा मोर्चा के पालक का दायित्व सौंपा गया है।इसके साथ ही उन्होंने जिला उपाध्यक्ष नारा ठाकुर को जिला महिला मोर्चा का पालक, जिला भाजपा सचिव सुनील कारवा को जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा का पालक, जिला भाजपा सचिव



डावे राम को जिला अनुसूचित जाति मोर्चा का पालक ,जिला भाजपा उपाध्यक्ष मुनशी मल्होत्रा को जिला किसान मोर्चा का पालक, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष कृष्ण ठाकुर को जिला ओ बी सी मोर्चा का पालक, जिला भाजपा सचिव अशोक ठाकुर को जिला अल्पसंख्यक मोर्चा का पालक, इसके साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल को अहम जिम्मेवारी सौंपते हुए जिला के सभी प्रकोष्ठों का पालक नियुक्त किया है।जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने सभी पदाधिकारियों से आशा जताई है कि संगठन की मजबूती के लिए सभी अपनी अपनी जिम्मेवारियों का वहन करेंगे।

# 'मोदी की नीतियों के कारण विश्व भारत की ओर आशा से देख रहा'

**खेमचंद शास्त्री/मंडी**
**लोकसभा चुनावों** की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है और पार्टी संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए और बड़ी जीत के लिए मैदान में उतर चुकी है। इसी कड़ी में भाजपा संगठन के मजबूत आधार स्तंभ बूथ को और अधिक सशक्त करने के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्य सभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने जिला मंडी के तीन महत्वपूर्ण मंडलों बल्ह, द्रग और सदर के त्रिदेव सम्मेलनों में शिरकत की। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि 2014 से पहले और उसके बाद के भारत में बहुत बड़ा अंतर है और प्रत्येक भारतीय के लिए यह अंतर



समझना अत्यंत आवश्यक है। जहां एक ओर पहले विकास की रफ्तार बहुत धीमी थी तो वहीं मोदी सरकार ने मात्र दस वर्षों के कार्यकाल में विश्व के बड़े-बड़े देशों को पीछे छोड़ दिया है और आने वाले कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होने कहा कि तकनीकी क्षेत्रए बैंकिंग क्षेत्र हो या समाजिक सुरक्षा हर ओर भारत का डंका बज रहा है और पूरा विश्व भारत को बड़ी आशा के साथ देख रहा है। महिला, युवा और समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। एक समय था जब विश्व में भारत की साख लगातार गिर रही थी और सरकारों में बैठे लोगों के भ्रष्टाचार के कारनामे देश की जनता के लिए आम हो गए थे परंतु पिछले दस वर्षों से देश भ्रष्टाचार जैसे अभिशाप से मुक्त हुआ है और जनता का सरकार के ऊपर भरोसा बड़ा है। धारा 370 को हटा कर एक राष्ट्रए एक निशान और एक संविधान के नारे को सच कर प्रधानमंत्री मोदी ने अखंड भारत की नींव रख कर इतिहास रचा है। उन्होंने कार्यकताओं से अगले 100 दिन तक राष्ट्र निर्माण के लिए दिन रात एक कर पुनः भाजपा सरकार बनवाने में अपना योगदान देने का आवाहन किया और कहा की पार्टी कार्यकताओं की मेहनत से भाजपा मोदी के 400 पार नारे और हिमाचाल की चारों सीटों पर जीत के संकल्प को पूरा करेगी। इस मौके पर मंडी विधायक अनिल शर्मा, संसदीय क्षेत्र विस्तारक सुरेश शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथ स्तर तक के कार्यकताओं उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त मंडी अपनी अधिसूचना को ही नहीं कर पा रहे हैं डिफेंड

**खेमचंद शास्त्री/मंडी**
**मंडी नगर निगम** क्षेत्र में रेहड़ी फहड़ी वालों की लंबे अरसे से पैंडिंग मांगो को पूरा न करने के विरोध में पिछले सप्ताह निगम की बैठक के दिन रेहड़ी फहड़ी मजदूर यूनियन ने निगम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया था और लंबित मांगे जल्द पूरा करने अल्टीमेटम दिया। जिसके चलते अब कल 5 मार्च को टाउन वैंडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई है जिसकी अध्यक्षता निगमायुक्त करेंगे।लेकि? प्रदर्शन के बाद अभी तक लंबित मामलों को सुलझाने बारे कोई गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं इसलिए आज की मीटिंग में फि? से हंगामा होने की संभावना है।यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार व सचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि कम्मिशनर ने स्थानीय विधायक के इशारे पर सकोढी पुल से छः रेहडि?ों को आईटीआई गेट के सामने लाईसेन्स देकर बिठाया है और अब उस जगह से भी उन्हें कहीं और जाने के लिए कह रहे हैं और उसके लिए वे पुलिस और एसडीएम सदर द्वारा उन्हें जारी एक नोटिस का हवाला दे रहे हैं।जबकि यूनियन शुरू से ही उन्हें ये सुझाव दे रही है कि वे सकोढी पुल के वैंडिंग जोन जो बीस वर्ष से ज्यादा समय से बना है उसमें बदलाव न करें लेकि? वे नहीं माने और यूनियन को उनके खिलाफ हाईकोर्ट में केस करना पड़ा है जो अभी भी जारी है।लेकि? वे अब फि? से वे खुद द्वारा जारी अधिसूचना को उत्तर पुलिस व एसडीएम को नहीं दे पा रहे हैं और अब फि? से वैंडिंग जोनों में बदलाव करने की बात कर रहे हैं। लेकिन यूनियन उनके इस फैसले का पुरजोर विरोध करेगी और जो वैंडिंग क्षेत्र अधिसूचित किये जा चुके हैं उनमें रेहड़ी फहड़ी लगाने वालों को जल्दी लाइसेंस जारी किए जायें।रेहडि?ों के लिए नेम प्लेट जल्दी जारी की जाए।गत वर्ष जून में जारी अधिसूचना में छूट गए पुराने रहडीधारकों के अलावा पंचवख्तर समुदाय के वेंडरो को जल्दी लाइसेंस किये जायें।हालांकि पिछले साल में हुई टाउन वैंडिंग कमेटी की 5 बैठकें तथा सात बार यूनियन द्वारा अलग अलग समय पर माँगपत्र देने और उस समय लंबित कामों को जल्द पुरा करने बारे फैसला होता रहा है लेकिन अभी तक भी इन फैसलों को लागू नहीं किया गया है। रेहड़ी वालों ने निगम को गत वर्ष 30 लाख रुपये तहबाजारी अदा की है लेकि? उन्हें सुविधा के नाम पर निगम कुछ नहीं किया है। यही नहीं अशोका ढाबे के सामने से मछ्ली बेचने वालों को हटाया गया जिन्हें सभी तक एडजस्ट नहीं किया गया है और अब आयी टी आई गेट के सामने से रेहडि?ों को हटाने का प्रस्ताव लाया जा रहा है।ऐसा ही प्रस्ताव एचडीएफसी बैंक के सामने गेट पर से भी रेहडि?ों को हटाने का भी है और शहर को रेहड़ी मुक्त करना चाहते हैं। जा रहा है। यूनियन इसका कड़ा विरोध करेगी और सभी रेहड़ी फहड़ी धारकों की रोजी रोटी की रक्षा करने के लिए वर्ष 2014 में बने कानून को लागू करने के लिए सँघर्ष तेज करेगी। प्रदर्शन करना पड़ा।यदि लंबित काम 7 मार्च तक पूरा नहीं किये तो यूनियन 9 मार्च को मुख्यमंत्री के सामने निगम के खिलाफ प्रदर्शन करेगी जिसकी घोषणा 27 फ?वरी को ही कर दी गई है।

# निलंबित विधायक ही जाने कि कौन से विधायक उनके संपर्क में: सुदर्शन बबलू

**राजन पुरी/ऊना**
**प्रदेश की सुक्खु सरकार** को कोई खतरा नहीं है और सभी कांग्रेसी विधायक एकजुटता से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ खड़े हैं। बीमारी के बाद स्वस्थ होने पर पहली बार विधानसभा क्षेत्र पहुंचे विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि वह माता चिंतपूर्णी और चिंतपूर्णी की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से स्वस्थ हुए हैं। बबलू ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में अपना कार्यकाल पूरा करेगी और किसी तरह की कोई अस्थिरता की बात नहीं है। विधानसभा सदस्यता से निलंबित विधायक राजेंद्र राणा द्वारा कई अन्य विधायक उनके संपर्क में होने के बारे में पूछे प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा ही जाने कि कौन से विधायक उनके संपर्क में हैं, यदि कोई विधायक उनके संपर्क में थे। तो विधायक वोटिंग में उनके पक्ष में मतदान क्यों नहीं कर पाए। सच्चाई यह है कि कई विधायक उनके साथ जाकर पछता रहे हैं । वह वापस आना चाहते हैं और लगातार मुख्यमंत्री के संपर्क में बने हुए हैं। बबलू ने कहा कि सभी कांग्रेसी विधायक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ मजबूती से खड़े हैं। पार्टी पूरी तरह से एकजुट है और यह सरकार उन्हें पांच साल तक चलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का षड्यंत्र रूपी चक्रव्यू तोडकर मुख्यमंत्री और सशक्त होकर निकले हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा द्वारा सत्ता हथियाने के लिए इतना बड़ा यह षड्यंत्र रचा गया था। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के अनुशासित सिपाही है। कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर उन्होंने चुनाव लड़ा और जीता है और वे मरते दम तक पार्टी के साथ रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र पहुंचने पर सुदर्शन बबलू का कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा और जबरदस्त नारेबाजी से स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### गढ़ी कला गांव के जी टी रोड की सर्विस लेन से टाटा गाड़ी चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** जी टी रोड के पास स्थित गढ़ी कला गांव से सर्विस लाइन पर खड़ी टाटा लोडिड गाड़ी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत गाड़ी के चालक ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी कला गांव के बिलाल ने बताया कि 3 मार्च की रात को करीब 12 बजे अपनी गाड़ी को खाली करने के बाद गढी कला मस्जीद के सामने सर्विस लेन खडी की थी और खड़ी करके घर पर चला गया था। शिकायत में बताया कि सुबह 6 बजे जब गाड़ी लेने के लिए आया तो गाड़ी खड़ी नही मिली। उसके बाद मस्जीद के सामने लगे कैमरे को चैक किया तो देखा कि कैमरे मे एक सफेद रंग की गाड़ी वहा पर आई जो कैमरे से आगे निकल कर गई, गाड़ी के निकलने के बाद दो मिनट के बाद दो लड़के फ्लाई ओवर की दिवार के साथ-साथ आए और कडंकटर साईड से गाड़ी मे घुस कर गाड़ी को चोरी कर ले गए। युवक की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इफकों की डेलीगेट बनी आप नेता की बेटी हीना आंतिल

**राईः चंडीगढ़** में इफकों की डेलीगेट का चुनाव हुआ। जिसमें आम आदमी पार्टी के शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल की बेटी हीना आंतिल को डेलीगेट चुनाव गया। उनकी नियुक्ति पर इफकों के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि रोहतक व सोनीपत से पहली महिला इफकों की डेलीगेट बनी है। हमारे लिए गर्व की बात है।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया



**राईः ताऊ** देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. संगीता सपरा ने किया।

अधिकारी अंकित ने मुख्यातिथि व गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। स्वयं सेविकाओं के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने सात दिवसीय शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्या ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का महत्व बताया तथा निस्वार्थ भाव से समाज के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रोफेसर ज्योति दहिया के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर युवाओं को देश हित में वोट देने के लिए जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन लेखन का कार्य भी किया गया। शिविर के शुभारंभ के अवसर पर डा. कोमल वर्मा सहायक प्रोफेसर, डा.अनुप्रिया सहायक प्रोफेसर, डा. मनोज दहिया सहायक प्रोफेसर, संगीता, कमला, डा.अजय दहिया सहायक प्रोफेसर के अलावा कालेज का स्टाफ मौजूद था।

# प्रधानमंत्री मोदी के होते महिलाओं को नहीं समझना चाहिए खुद को कमजोर : ऊषा

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भाजपा** महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शिनी ने कहा कि आज देश व प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मोदी-मनोहर की सरकार में महिलाएं बुलंदियों को छू रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना एक ऐतिहासिक फैसला है।

ऊषा प्रियदर्शनी आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में टीएमसी नेता ने जो महिलाओं से दुष्कर्म करने का दुस्साहस किया है, वह बेहद ही शर्मनाक है। उसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। इस घोर कृत्य के लिए पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को शर्म आनी चाहिए कि उसके शासनकाल में उसके कार्यकर्ता महिलाओं से इस प्रकार का दुष्कर्म करने का काम कर रहे हैं और वह आंखों को बंद करके इस तरह की घटनाओं को अन्देखा कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिमी बंगाल के संदेशखाली से होने कार्यक्रम का पूरे देश में लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी महिलाओं के सम्मान की लडाई लड़ रहे हैं। उनके होते हुए बहनों को अपने आपको कमजोर नहीं समझना चाहिए। नारी शक्ति को सशक्त बनाने का काम देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर रहे हैं। महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए महिलाओं को आगे आकर घर-घर जाकर महिलाओं को नरेंद्र मोदी की राम-राम का संदेश देना चाहिए, क्योंकि महिलाएं ही हर घर में किचन में जाने का काम कर सकती हैं।

उन्होंने विशेष तौर से महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि 6 मार्च को करनाल की नई अनाज मंडी में होने वाले लखपति दीदी महासम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विचारों को सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने का काम करें।

## राइस मिल में लगी आग, 50 लाख के नुकसान का अनुमान

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के बीड़ डंडारी गांव में स्थित गर्ग राइस इंडस्ट्री में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट को आगजनी का कारण माना जा रहा है। राइस मिल मालिकों की माने तो करीब 50 लाख का नुकसान हुआ है। आग की भयंकर लपटें देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की सात गाडि ??ं ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रविवार की शाम को अचानक ट्रांसफार्मर में चिंगारी उठी, जिसकी वजह से मिल में आग लगी। तेज हवाएं भी चल रही थी और इन हवाओं ने आग में घी डालने का काम किया। राइस मिल में आग फैलती गई, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कोई बाल्टी लेकर पानी से आग बुझाने का प्रयास करने लगा तो कोई पानी की पाइप लेकर आग पर काबू पाने लगा। लेकिन हालात बेकाबू हुए तो सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया।

गर्ग राइस इंडस्ट्रीज के सीएमडी सुभाष गुप्ता ने बताया कि राइस मिल में बिजली का शॉर्ट-सर्किट हुआ, जिसके बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया।

## चचेरे भाई की ईंट और कस्सी मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** थाना मधुबन की टीम द्वारा नशे की हालत में अपने ही चाचा के लडके की ईंट और कस्सी मारकर हत्या करने वाले आरोपी बंटी उम्र 25 साल पुत्र पूर्ण चंद वासी अमृतपुर कलां को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर गांव में स्थित तालाब से वारदात में प्रयोग कस्सी को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी बंटी से की गई पूछताछ में पाया गया कि उसके पड़ोस में 3 मार्च को शादी थी। शादी में उसने और रामपाल ने शराब पी और वहां बज रहे डीजे पर डांस भी किया। जिनके घर शादी थी, उन्होंने वहा से इन दोनों को भगा दिया। उसके बाद आरोपी बंटी और रामपाल अपने घर की तरफ आ रहे थे तो रास्ते में एक निमार्णाधीन मकान के पास जब ये दोनों आए तो रामपाल शराब के नशे में आरोपी बंटी को गाली देने लगा, जिससे आरोपी बंटी गुस्सा हो गया। क्योंकि कई बार पहले भी रामपाल ने आरोपी बंटी से गाली गलौच और मारपीट की थी।

इसी बात को याद करते हुए चलते आरोपी बंटी ने गुस्से में आकर रामपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। वह रामपाल को पास स्थित निमार्णाधीन मकान में ले गया और उसके सिर में ईंट और कस्सी मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने कस्सी को गांव के ही तालाब में फेंक दिया था। आरोपी ने मृतक रामपाल के घर बताया कि जिनके यहां शादी थी, उन्होंने रामपाल की हत्या कर दी। मृतक रामपाल के पिता रोहताश की शिकायत के आधार पर सूरज व जय भगवान के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना मधुबन पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज होते ही तुरंत कार्यवाही करते हुए संदेह के आधार पर आरोपी बंटी को गिरफ्तार किया गया और कार्यवाही के आधार पर पाया गया कि आरोपी बंटी ने ही तैश में आकर रामपाल की हत्या की थी। आरोपी बंटी से पूछताछ के आधार वारदात में अन्य किसी आरोपी की संलिप्तता नहीं पाई

## स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप रैंकिंग पाने के लिए निगम ने तैयारियां की शुरू

### स्वच्छता व्यवस्था परखने को सभी चार जोन का किया जा रहा सर्वे- धीरज कुमार

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप रैंकिंग पाने के लिए नगर निगम ने जमीनी स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत स्वच्छता व्यवस्था को परखने के लिए सभी चार जोन में सर्वे किया जा रहा है, जिसमें से जोन 2 व 4 का सर्वे पूरा कर लिया गया है, जबकि जोन 1 में चल रहा है। यह जानकारी नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त (ए.एम.सी.) धीरज कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि सर्वे के तहत जोन में कुल कितने घर हैं, डोर टू डोर कितने घरों से कूड़ा एकत्र किया जा रहा है, कूड़ा अलग-अलग लिया जा रहा है या नहीं, टिप्पर वाहन के साथ हैल्पर आता है या नहीं, एजेंसी कर्मचारियों की वर्दी तथा कहां लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। इन सभी बिन्दूओं को नोट कर डाटा एकत्र किया जा रहा है। इन बिन्दूओं का बारिकी से अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद निगम द्वारा और क्या-क्या कदम उठाए जाने हैं, उस पर काम किया जाएगा। सर्वे का कार्य जोन इंचार्ज के नेतृत्व में निगम के स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक (एच.एस.आई.) एवं मोटीवेटर टीम द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नगर निगम की मोटीवेटर टीम एवं सुगम स्वच्छता प्राईवेट लिमिटेड की मोटीवेटर टीम द्वारा शहर के सेक्टर-6 व 9 तथा मुगल कैनाल स्थित अस्थाई सब्जी मंड़ी में सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियां की गई। नागरिकों को जानकारी दी गई कि कूड़े-कचरे को अलग-अलग रखने के लिए 5 प्रकार के डस्टबिन का प्रयोग होता है, जिसमें हरा, नीला, पीला, काला व लाल डस्टबिन शामिल हैं। हरे डस्टबिन में गीला कचरा, नीले में सूखा, पीले में बायोमेडिकल वेस्ट, काले में ई-वेस्ट तथा लाल डस्टबिन में घरेलू हानिकारक कचरा डाला जाता है। इसके अतिरिक्त कूड़े के पृथक्करण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस मौके पर नागरिकों को पम्फलेट भी बांटे गए।

इसके पश्चात नगर निगम की एच.एस.आई. व मोटीवेटर टीम गांव मंगलपुर स्थित राजकीय विद्यालय में बच्चों को आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी के तहत बच्चों से स्वच्छता पर आधारित सवाल-जवाब भी किए गए। सही जवाब देने पर बच्चों को चॉकलेट देकर सम्मानित भी किया गया।

## भव्य तरीके से करनाल में आयोजित होगा 'लखपति दीदी महासम्मेलन'

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी करेंगे शिरकत, तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने किया दौरा

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। घरौंडा** विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि 6 मार्च को करनाल की अनाज मंडी में 'लखपति दीदी महासम्मेलन' भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन में करनाल लोकसभा से जुड़ी हुई माताएं एवं बहनें शामिल होंगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन पश्चिम बंगाल से सुनने को मिलेगा।

घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, उपायुक्त अनीश यादव, भाजपा की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता और जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन पश्चिम बंगाल से सीधे पूरे देश में देखा जाएगा। करनाल लोकसभा स्तर का कार्यक्रम करनाल अनाज मंडी में रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी पहुचेंगे।

**निर्देश**

**8 शौचालय आदि की व्यवस्था के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए**

उन्होंने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री देशभर की माताओं व बहनों के लिए एक संदेश देंगे। प्रधानमंत्री ने करोड़ों बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है, सेल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भी महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने करनाल लोकसभा की माताओं-बहनों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में शिरकत करने का आह्वान किया है। उपायुक्त अनीश यादव ने लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियां का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव को लेकर इंटरनेट की लीज लाइन लगाने, माताओं-बहनों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियां लगाने, मीडिया गैलरी बनाने, पीने के पानी और शौचालय आदि की व्यवस्था के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

## धार्मिक आयोजन लोगों में आपसी भाईचारा को देते बढ़ावाः कादियान



**गन्नौर।**

**गांव शाहपुर** तगा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर एवं आश्रम निर्माण समिति की ओर से रविवार को बसंत तु सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एंव समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्हें मोटरसाईकिलों के काफिले के साथ मन्दिर तक लेकर गए और फूलमाला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। कादियान ने सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग होने पर पूजा कर विशाल भंडारा लगाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने लोगों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने मंदिर समिति द्वारा करवाए गए धार्मिक कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन लोगों में आपसी भाईचारा प्रेम का बढ़ावा देते है। सत्संग या अन्य धार्मिक कार्यक्रम इंसान को मन की शांति की ओर ले जाते है, जो जीवन में बहुत जरूरी है। कादियान ने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक सामाजिक व आर्थिक रूप से उन्नति नहीं कर सकता। जरूरी है कि बेटों के साथ बेटियों को शिक्षा का अधिकार दिए जाए। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपने माता-पिता व समाज का नाम रोशन कर रही है।

## सनातन धर्म परम्पराओं का संरक्षकः बड़ौली



**गन्नौर।**

**राई** विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि सनातन धर्म सदैव अग्रणी है, वर्तमान समय में अति आवश्यक है। सनातन धर्म सामाजिक संरचना, आत्म-विकास एवं परम्पराओं का संरक्षक है। समर्थ नेतृत्व के साथ जीवनशैली और समृद्ध संस्कृति के रूप में भी इसे समझने की आवश्यकता है। विधायक मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को अपनी पत्नी गीता कौशिक व भाजपा नेता निशांत छौक्कर के साथ सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव में शिव स्तोत्र महायज्ञ में आहुति डालने के बाद संबोधन में कहा कि युवाओं को वैदिक परंपराओं को, वेदों की शिक्षाओं को समझना है, व्यवहार में लाना जरूरी है। क्योंकि सनातन धर्म ही समाज को सुरक्षित एवं संगठित कर जीवन जीने की दिशा निर्धारित करता है।

सिद्धपीठ सतकुंभा धाम तीर्थ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि सिद्धपीठ पर सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव 2024 में सोमवार को हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल की ओर से आए रवि सांपला एवं उनके साथी कलाकारों ने शानदार संगीतमय भक्त रस की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

## आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन है सूर्य नमस्कार : दिनेश गुलाटी

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता करवाई जा रही हैं। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि आज ब्लॉक तरावड़ी में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मेरा मिशन स्वस्थ भारत तरावड़ी की टीम के 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज तथा अंगिरा गुरुकुल मल्टी थेरेपी सेंटर की संचालिका डॉ.दीपिका ने जज की भूमिका निभाई।

सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिता में महिला वर्ग में अंजलि प्रथम, द्वितीय बेबी तथा तृतीय स्थान नीलम ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मनोज कामरा, द्वितीय स्थान विनोद तथा तृतीय स्थान संदीप ने प्राप्त किया किया

इससे पूर्व आज के योग सत्र की शुरूआत दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम से की। उन्होंने सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाते हुए कहा कि आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार है। सूर्य नमस्कार 12 योगासनों का संगम है। सूर्य नमस्कार सूर्योदय से पूर्व खाली पेट किया जाता है। इसके नित्य प्रति अभ्यास से रक्त संचार बेहतर तरीके से होता है, मांसपेशियों को मजबूती मिलती हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## पंजाब सरकार एमएसपी दे दे तो खत्म हो जाएगा किसान आंदोलन : दुष्यंत

### हरियाणा 14 फसलों पर दे चुका एमएसपीहरियाणा 14 फसलों पर दे चुका एमएसपीहरियाणा 14 फसलों पर दे चुका एमएसपी

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा तो 14 फसलों पर एमएसपी दे रहा है, लेकिन फेलियर तो पंजाब सरकार का है, क्योंकि वह किसानों को एमएसपी नहीं दे पाई है। अगर पंजाब सरकार किसानों को एमएसपी दे दे तो आंदोलन खत्म हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम करती आ रही है और फैसले भी किसानों के हित में ही लिए गए हैं। ओलावृष्टि से किसानों को बहुत नुकसान हुआ है, जिसकी गिरदावरी का काम जल्द से जल्द शुरू होगा। किसानों को मुआवजा मिल सके, इसके लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को दोबारा ओपन किया जाएगा, ताकि किसान अपनी डिटेल पोर्टल पर डाल सकें और किसानों को मुआवजा मिल सके। पहले 15 मार्च तक का समय रखा गया था, लेकिन अब इस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौधरी काशीराम और चौधरी देवी लाल के लिए भी भारत रत्न की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच महानुभावों को भारत रत्न से सम्मानित किया है। इन महानुभावों ने अपने अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए और सरकार ने भारत रत्न से इनका मान बढ़ाया। चौधरी काशीराम और चौधरी देवीलाल को भी भविष्य में भारत रत्न से नवाजा जाए, इसके लिए केंद्र सरकार को एक मांग पत्र भेजा जाएगा।

**स्पष्ट**

**8 सरकार किसानों के हित में काम करती आ रही है और फैसले भी किसानों के हित में ही लिए गए हैं**

उन्होंने गुरु रविदास मंदिर निर्माण को बजट में शामिल करने पर भी हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अजय चौटाला ने जेजेपी के मेनिफेस्टो में संत रविदास मंदिर की घोषणा की थी, जिस पर हरियाणा सरकार ने मुहर लगा दी है। इसके लिए हरियाणा सरकार को एक धन्यवाद पत्र भेजा जाएगा।

जेजेपी और भाजपा के गठबंधन टूटने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर दुष्यंत चौटाला ने पलटवार किया।

## संसार में ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां प्रमात्मा का वास न हो : भारती

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** श्री कृष्ण मंदिर ग्राम काछवा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती जी ने कहा कि माता सती ने जब भगवान शिव को नर रूप धारण कर लीला कर रहे प्रभु राम को देखा तो सन्देहग्रस्त हो जाती है कि जो अजन्मा है, अविनाशी है, वह नर रूप में कैसे हो सकता है। और अगर ये भगवान है तो इन्हें ये क्यों नहीं पता कि इनकी पत्नी को कौन ले गया है। जब भगवान शिव ने इन्हें प्रभु की परीक्षा हेतु भेजा तो सती ने माता सीता का रूप धारण कर लिया। परन्तु प्रभु उन्हें झट से पहचान लेते हैं।

गोस्वामी तुलसी दास जी कहते हैं कि सती ने वहां खडे-खडे एक अलौकिक दृश्य देखा कि चारों दिशायों में राम सीता लक्ष्मण हैं, कोई भी स्थान उनसे रिक्त नहीं है। साध्वी जी ने बताया कि ये बात परम सत्य है कि संसार मे ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां प्रमात्मा का वास ना हो, जर्रे-जर्रे में है झांकी भगवान की, किसी सुझ वाली आंख ने पहचान की।

हमारे पास वह आंख ही नहीं, जिससे हम उसे कण-कण में देख सकें। क्योंकि ईश्वर दिव्य दृष्टि का विषय है, बुद्धि और मन से समझने का नहीं।

मौलाना रूमी भी कहते हैं कि जिस प्रकार तितली बंसत ऋतु में पैदा होकर सर्दी में मर जाती है, उसे अन्य ऋतुओं के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। कवि टेनिसन ने उसे कहकर यह सिद्ध कर दिया कि ईश्वर हमारी मन, बुद्धि एवं वाणी से परे हैं। इसलिए कण-कण में होने के बावजूद भी हमें दिखाई नहीं देता।

# संपादकीय

## विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल ?

**भारत** घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहां हमें कठघरे में खड़ा करती हैं वहीं उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अकसर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह व्यस्था सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहां ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध करानी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है, ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

आशीष वशिष्ठ

“और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है”

**अगले** कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलायंस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलायंस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि




विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलायंस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊजार्वान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देष और देषवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है।

और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है। ुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलायंस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है।

लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी? इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।

# कविता

### गीत- डमरू घनाक्षरी

बमबम हरहर, बमबम हरहर,
बमबम हरहर, बमबम हरहर।

अवघट-मरघट, जमघट-पनघट,
अजर-अमर हर, अधर अचल धर।

जनम-मरण हर, सकल जगत चर,
चरण शरण नत, गटक गरल गर।

मन उपवन भर, छण-छण जप कर,
लगन मगन मन, धर चल जल भर।

दरसन जब कर, परसन तब हर,
तन-मन-धन अब, अरपन सब कर।

राजकुमार

# कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान

आर.के. सिन्हा

**अब सा**माजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी दुनिया किसी भी तरह से मर्दों से पीछे नहीं हैं। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तरों और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते हुए भी मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूलों-कालेजों में जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ ही जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं ह्यस्टॉकिंगह्ल। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में एक इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते ही रहते हैं। किसी महिला का हाथ धोकर पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके। एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है; उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यह अधिकतर उत्तर प्रदेश,बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा से और अनेकों बांगलादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सब कुछ है। यहां पर रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली ह्यमहिला पंचा?तह्ल में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, के प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अशलील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिन भर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं।

# विचार

## लैंगिक समानता का मूल चिंतनआखिर

डॉ नीलम महेंद्र

**ईश्वर की बना**ई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एकदुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तोवो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृतिहै जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हरजीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री कोउसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैंजैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्रीमें पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुणप्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री मेंपुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारीहोता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मीके रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रियामें जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इनगुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव काअर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरूष एक दूसरे के पूरक हैंप्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वोभूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञउनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवानको नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दनथे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा हैजहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएंथीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थींबल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं।लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत केबावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारोंको महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। समझने वाली बात यह हैकि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करतेहैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बातकरें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्रमें अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा होया राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दमपर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों परमहिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिलाउद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्टजिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कमवेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना हैकि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहींमिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट केअनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओंको काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसेक्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमेंमहिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करनेजैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिमपायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्कवितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवादसे लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## राजनीति के दरवाजें

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

**राजनीति** में शामिल लोग आजकल खेला करने में लगे हैं। खेला करने के लिए उसके भावात्मक पहलुओं का मास्टर होना जरूरी होता है। जिन्हें खेलने का ज्ञान है, वे किसी भी क्षेत्र में स्कोर करते हैं। हाल के वर्षों में, ट्रेंड-सेटिंग करने वाला खिलाड़ियों चलन जोर-शोर से चल रहा है। पहले पहल, यह मज़ा सा लगता है, लेकिन बाद में यह कलश में बदल जाता है। खिलाड़ियों को मजे करने की ऐसी लत पड़ जाती है कि वे कबड्डी खेल रहे होते दिखाई देते हैं, लेकिन स्कोरकार्ड में रन दर्ज होते हैं। वे नीबू और सिरके से पहले दूध को बिगाडते हैं, फिर बिगाड़ा हुआ दूध अपने घर ले जाते हैं। किसी और के बिगाड़े हुए दूध से उनके घर में पनीर का दर्जा मिल जाता है। गाय दिखाने और बकरे मारने का यह खेल शतरंज से भी ऊपर का है। उनके लिए बकरे मारना गोलगप्पे खाने जैसा है। राजनीति में चिंता व्यापक है। "बकरे की अम्मा" कब तक खुशियां मनाएगी! राजनीति में शामिल लोगों ने अपनी विरासत में छोटी-बड़ी सभी प्रकार की दीवारों को लांघ लिया है। इसलिए राजनीति खेल का होता है। संविधान होता ही है दीवारें गिराने के लिए। लेकिन उन्होंने दीवारें गिराने का काम नहीं किया। उन्हें दरवाजों में राजनीतिक संभावना अधिक दिखाई देती है।

इसलिए दरवाजे बनाने का काम हाथ में ले लिया है। दरवाजों में खोलने और बंद करने की सुविधा राजनीति के लिए बहुत जरूरी है। नगर-नगर और गाँव-गाँव में सफल राजनीति की धूम है। घोषणा-पत्र में छोटे से बड़े नए सभी प्रकार के दरवाजों का वादा किया जाता है। दरवाजे हवा में नहीं बन सकते हैं। इसलिए दरवाजों के लिए नई दीवारों की जरुरत पड़ती है। उधर लोग दरवाजों की उम्मीद में रहते हैं और और इधर दीवारें बनती जाती हैं। धीरे-धीरे वक्त आया जब दीवारों को प्राथमिक आवश्यकता माना जाने लगा। जहां दीवारें नहीं थीं, वहां लोग दीवार बनाने लगे। अगर दरवाजे हैं, तो विकास है, अगर दरवाजे हैं, तो लोक कल्याण है, अगर दरवाजे हैं, तो सुरक्षा और सुविधा हैं। कुछ लोग इसे इंडोर या आउटडोर गेम के रूप में भी देखते हैं। लोग अपनी अपनी दीवारों में बंद होकर गर्व महसूस करने लगे, इसलिए इसे उच्चकोटि की राजनीतिक सफलता कहा गया।

## तकनीकी ज्ञान से उग्रवाद का विस्तार

संजीव ठाकुर

**वैसे तो उ**ग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं' पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे' अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं' आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं' अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं।




# ₹4000 करोड़ से अधिक लागत की 14 सड़क परियोजनाओं एवं 1 रोपवे का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## मंगलवार, दिनांक: 05 मार्च, 2024

### लोकार्पण

**ठियोग बाईपास का निर्माण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–05, कुल लम्बाई–2 किमी, लागत ₹55 करोड़

**कलरुही खड्ड पर सेतु का निर्माण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–70, कुल लम्बाई–196 मी, लागत ₹17 करोड़

### शिलान्यास

**हमीरपुर से करनोहल खण्ड का 2 लेन चौड़ीकरण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–70, कुल लम्बाई–40 किमी, लागत ₹372 करोड़

**करनोहल से कलवाहन खण्ड का 2 लेन चौड़ीकरण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–70, कुल लम्बाई–28 किमी, लागत ₹252 करोड़

**कलवाहन से मण्डी खण्ड का 2 लेन चौड़ीकरण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–70, कुल लम्बाई–42 किमी, लागत ₹314 करोड़

**कलर बाला गांव से नौणी चौक खण्ड का 4 लेन चौड़ीकरण पेव्ड शोल्डर सहित**
राष्ट्रीय राजमार्ग–205, कुल लम्बाई–17 किमी, लागत ₹1244 करोड़

**परवाणू–सोलन खंड के मध्य पहाड़ी पर विभिन्न स्थानों पर ढलान संरक्षण कार्य**
राष्ट्रीय राजमार्ग–22, कुल लम्बाई–4 किमी, लागत ₹267 करोड़

**रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर दो लेन आर यू बी का निर्माण।**
राष्ट्रीय राजमार्ग–503 ए, कुल लम्बाई–410 मी, लागत ₹19 करोड़

**एनएच–05 पर टनल का निर्माण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–05, कुल लम्बाई–0.5 किमी, लागत ₹48 करोड़

**बिरहु से लठियानी के मध्य मिसिंग लिंक का 4 लेन पेव्ड शोल्डर सहित केवल स्टेड ब्रिज का निर्माण**
राष्ट्रीय राजमार्ग–503 ए, कुल लम्बाई–8 किमी, लागत ₹871 करोड़

**हिमाचल प्रदेश में सी.आर.आई. एफ. के अन्तर्गत 4 कार्य**
कुल लम्बाई–49 किमी, 2 सेतु निर्माण, लागत ₹242 करोड़

**कुल्लू में मोहल से बिजली महादेव मंदिर तक रोपवे का निर्माण**
कुल लम्बाई–02 किमी, लागत ₹283 करोड़

## समय: दोपहर 03.00 बजे, कार्यक्रम स्थल: पुलिस लाईन ग्राउण्ड, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

### परियोजना के लाभ

हमीरपुर से मंडी की दूरी 15 कि.मी. कम होगी तथा टौणी देवी, अवाहदेवी, सरकाघाट, धर्मपुर आदि क्षेत्रों कि कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

दारलाघाट सीमेन्ट फैक्टरी एवं एम्स बिलासपुर को 4 लेन कनेक्टिविटी मिलने से इस क्षेत्र की लॉजिस्टिक एवं स्वास्थय सेवाओं की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

गोविंद सागर झील पर केबल स्टेड ब्रिज से बिरहु से लठियाणी, हमीरपुर से ऊना कि वर्तमान दूरी 21 कि.मी. कम होगी।

रोपवे के निर्माण से तीर्थ स्थल बिजली महादेव की यात्रा वर्तमान में 2 घंटे 30 मिनट से घट कर लगभग 7 मिनट रह जाएगी एवं प्रतिदिन 36000 तीर्थ यात्रियों को ऑल वेदर कानेक्टिविटी कि सुविधा प्रदान होगी।

ढलान संरक्षण एवं टनल निर्माण के कार्यो से भूस्खलन की समस्या से निजात मिलेगी एवं यात्रा सुरक्षित व सुगम होगी।

विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण से पहाड़ी रास्तों की कठिन यात्रा सुगम होगी। इसके अतिरिक्त समय व दूरी कम होने के फलस्वरूप ईंधन में बचत होगी एवं वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। राज्य में पर्यटन का विकास होगा एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार
के कर–कमलों द्वारा

**सुखविन्दर सिंह सुक्खू**
मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
की अध्यक्षता में

**जे.पी. नड्डा**
सांसद, राज्यसभा

**अनुराग सिंह ठाकुर**
मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

### विशिष्ठ अतिथि

**जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह** (सेवानिवृत्त)
राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन मंत्रालय, भारत सरकार

**मुकेश अग्निहोत्री** – उप मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
**जयराम ठाकुर** – नेता विपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
**विक्रमादित्य सिंह** – मंत्री, लोक निर्माण एवं शहरी विकास, हिमाचल प्रदेश
**डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल** – मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं सैनिक कल्याण, हिमाचल प्रदेश
**जगत सिंह नेगी** – मंत्री, राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं लोक शिकायतों का निवारण, हिमाचल प्रदेश

**सुश्री इन्दु बाला गोस्वामी** – सांसद, राज्यसभा
**डा. सिकन्दर कुमार** – सांसद, राज्यसभा
**प्रतिभा सिंह** – सांसद, लोकसभा
**किशन कपूर** – सांसद, लोकसभा
**सुरेश कुमार कश्यप** – सांसद, लोकसभा

### माननीय विधानसभा सदस्यगण

सतपाल सिंह सत्ती । रणधीर शर्मा । दिलीप ठाकुर । अनिल शर्मा । त्रिलोक जम्वाल । संजय अवस्थी । विनोद सुल्तानपुरी । कुलदीप सिंह राठौर । सुन्दर सिंह ठाकुर । भवानी सिंह पठानिया । आशीष शर्मा । चन्द्र शेखर । सुरेश कुमार

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
• लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
• लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण
इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी